वर्ष 23, अंक 365, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 25 जनवरी 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट




## रक्षा मंत्रीराजनाथ सिंह ने 'युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली-संजय' को हरी झंडी दिखाई

**नई दिल्ली**

**रक्षा** मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 24 जनवरी, 2025 को साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली से 'संजय - युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली (बीएसएस)' को हरी झंडी दिखाई। संजय एक स्वचालित प्रणाली है जो सभी जमीनी और हवाई युद्धक्षेत्र सेंसर से जानकारी को एकीकृत करती है, उनकी सत्यता की पुष्टि करने के लिए उन्हें संसाधित करती है, दोहराव को रोकती है और उन्हें सुरक्षित सेना डेटा नेटवर्क और सैटेलाइट संचार नेटवर्क पर युद्धक्षेत्र की निगरानी परिदृश्य बनाने के लिए संबद्ध करती है। यह युद्धक्षेत्र की पारदर्शिता को बढ़ाएगा और एक केंद्रीकृत वेब एप्लिकेशन के माध्यम से भविष्य के युद्धक्षेत्र में बदलाव करेगा जो कमांड और सेना मुख्यालय और भारतीय सेना निर्णय प्रणाली को जानकारी प्रदान करेगा।




बीएसएस अत्याधुनिक सेंसर और अत्याधुनिक एनालिटिक्स से लैस है। यह लंबी भूमि सीमाओं की निगरानी करेगा, घुसपैठ को रोकेगा, अद्वितीय सटीकता के साथ स्थितियों का आकलन करेगा और खुफिया, निगरानी और टोही में अहम भूमिका निभाएगा। यह कमांडरों को नेटवर्क केंद्रित वातावरण में पारंपरिक और उप-पारंपरिक दोनों तरह के ऑपरेशन में काम करने में सक्षम बनाएगा। इसका समावेश भारतीय सेना में डेटा और नेटवर्क केंद्रितता की दिशा में एक बड़ी छलांग होगी। संजय को भारतीय सेना और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) द्वारा स्वदेशी रूप से और संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। यह भारतीय सेना के 'प्रौद्योगिकी समावेश वर्ष' के अनुसरण में 'आत्मनिर्भरता' प्राप्त करने की दिशा में एक अनुकूल पारिस्थितिकी प्रणाली बना रहा है। मार्च से अक्टूबर 2025 तक तीन चरणों में इन प्रणालियों को भारतीय सेना के सभी परिचालन ब्रिगेड, डिवीजनों और कोर में शामिल किया जाएगा, जिसे रक्षा मंत्रालय में 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया गया है। 2,402 करोड़ रुपये की लागत से इस प्रणाली को खरीदें (भारतीय) श्रेणी के तहत विकसित किया गया है। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ, चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, रक्षा सचिव श्री राजेश कुमार सिंह, सचिव (रक्षा उत्पादन) श्री संजीव कुमार, बीईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री मनोज जैन तथा रक्षा मंत्रालय और बीईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## वक्फ पर जेपीसी बैठक में बवाल

**नई दिल्ली**

**वक्फ** बिल को लेकर बनाई गई संसद की संयुक्त समिति की शुक्रवार को बैठक हुई. बैठक में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी और बीजेपी एमपी निशिकांत दुबे में तीखी नोकझोंक हुई. इसके बाद बैठक को कुछ देर के लिए स्थगित कर दिया गया.

बताया जा रहा है कि कल्याण बनर्जी ने पूछा कि बैठक को इतनी जल्दबाजी में क्यों बुलाया जा रहा है. इस पर निशिकांत दुबे ने आपत्ति दर्ज कराई. इसके बाद दोनों नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई. विवाद बढ़ने के बाद 10 विपक्षी सांसदों को कमेटी से एक दिन के लिए सस्पेंड किया गया है. बैठक 27 दिसंबर तक स्थगित कर दी गई. मीरवाइज उमर फारूक भी दर्ज कराएंगे आपत्ति



समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, कश्मीर के धार्मिक प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक शुक्रवार को वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय समिति के समक्ष पेश होंगे और मसौदा विधेयक के बारे में अपनी आपत्तियां बताएंगे. भाजपा नेता जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता में वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त समिति ने विपक्षी नेताओं द्वारा व्यक्त की गई आपत्तियों के बाद मसौदा कानून पर विचार-विमर्श के कार्यक्रम को अगले सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है. कमेटी सोमवार को विधेयक पर विस्तार से विचार करेगी।

## नोएडा : साइबर फ्रॉड के लिए चीनी नागरिकों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले तीन गिरफ्तार

**नोएडा। चीनी** नागरिकों को साइबर अपराध करने के लिए खाते उपलब्ध कराने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को नोएडा एसटीएफ ने बुधवार रात गिरफ्तार किया। इनके पांच साथी फरार हैं। एसटीएफ ने इनके पास से एक लैपटॉप, 8 मोबाइल फोन, एक पासपोर्ट, 5 आधार कार्ड, चार सिम कार्ड, 5 चेक बुक, 22 डेबिट और क्रेडिट कार्ड समेत अन्य सामान और कागजात बरामद किए हैं।

## वडोदरा में तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, बच्चों की छुट्टी का ऐलान



**वडोदरा। गुजरात** के वडोदरा में तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। भायली क्षेत्र में स्थित नवरचना स्कूल के प्रिंसिपल को एक ई-मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी दी गई, जिसमें दावा किया गया कि पाइपलाइन में बम रखे गए हैं। धमकी भरा ईमेल शुक्रवार तड़के चार बजे आया।

सूचना मिलने पर बम निरोधक दस्ते (बीडीएस), क्राइम ब्रांच और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एहतियात के तौर पर छात्रों को आज छुट्टी दे दी गई है।

बीडीएस की टीम गहन जांच करने नवरचना स्कूल और विश्वविद्यालय पहुंची। बीडीएस टीम ने विश्वविद्यालय का निरीक्षण करना शुरू कर दिया, जबकि क्राइम ब्रांच और पीसीबी पुलिस की टीमें भी तलाशी अभियान में शामिल हो गईं।

सूत्रों के अनुसार, नवरचना स्कूल में वरिष्ठ अधिकारियों और राजनेताओं के बच्चे भी पढ़ते हैं। पुलिस ने बम की धमकी देने वाले व्यक्ति का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बीते गुरुवार को मुंबई के जोगेश्वरी और ओशिवारा इलाकों में एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी भरा एक ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया था।

धमकी मिलने के बाद मुंबई पुलिस और बम निरोधक दस्ते की एक टीम स्कूल परिसर पहुंची और जांच शुरू की थी। ईमेल में दावा किया गया था कि बम अफजल के गिरोह ने लगाया था।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव: प्रियंका गांधी 26 जनवरी से कर सकती हैं प्रचार अभियान की शुरूआत

**नई दिल्ली। कांग्रेस** महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा 26 जनवरी से दिल्ली में चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत कर सकती हैं। कांग्रेस के अभियान प्रबंधन से जुड़े एक वरिष्ठ नेता ने उम्मीद जताई कि प्रियंका गांधी रविवार 26 जनवरी की शाम को उत्तर-पूर्वी दिल्ली में अपनी पहली रैली को संबोधित कर सकती हैं। सभी कांग्रेस उम्मीदवारों ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) से अनुरोध किया है कि प्रियंका उनकी सीट पर प्रचार करें। हालांकि, वह केवल महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करेंगी। कांग्रेस ने चुनाव से पहले लोगों से पांच वादे किए हैं, जिनमें प्यारी दीदी योजना के तहत महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह, दिल्ली के सभी निवासियों के लिए 25 लाख रुपये का आजीवन स्वास्थ्य बीमा, शिक्षित बेरोजगार युवाओं को एक साल के लिए अपने रोजगार कौशल विकसित करने के लिए 8,500 रुपये प्रति माह वजीफा, 500 रुपये में सब्सिडी वाली रसोई गैस, मुफ्त राशन किट और 300 यूनिट मुफ्त बिजली शामिल हैं।

### पूजा सिंघल का निलंबन हटाने पर भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने पूछा

## संविधान लेकर घूमने वाले कहां हैं?'

**रांची/नई दिल्ली। भाजपा** सांसद रविशंकर प्रसाद ने झारखंड में भ्रष्टाचार की आरोपी आईएएस अफसर पूजा सिंघल का निलंबन हटाने के राज्य सरकार के निर्णय पर सवाल खड़ा किया है।

गुरुवार को नई दिल्ली में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूजा सिंघल से जुड़े मुद्दे का जिक्र करते हुए उन्होंने कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के तहत चलने वाली राज्य सरकारों को कठघरे में खड़ा किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस झारखंड की सरकार में भागीदार है।



संविधान लेकर घूमने वाले पार्टी के नेता राहुल गांधी को इस प्रकरण में उठ रहे सवालों का जवाब देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पूजा सिंघल को भ्रष्टाचार के आरोप में 28 महीना पहले गिरफ्तार किया गया था। उनके सीए के पास से 16 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। पीएमएलए के तहत उनके खिलाफ छापेमारी में अधिकारियों ने 36 करोड़ रुपये बरामद किए थे। 28 महीने से जेल में रहने के बाद दिसंबर में उन्हें जमानत मिल गई और 21 जनवरी को उनका निलंबन वापस ले लिया गया और इसके बाद उन्हें बहाल कर दिया गया। यह बेहद चौंकाने वाला और निंदनीय कदम है।

उन्होंने कहा कि एक आईएएस अधिकारी, जिसके खिलाफ मुकदमा चल रहा है और पीएमएलए कोर्ट ने मामला दर्ज किया है, करोड़ों रुपये बरामद किए गए और जैसे ही उन्हें जमानत दी गई, उन्हें बहाल कर लिया गया।

### मिल्कीपुर के रण में उतरे सीएम योगी सपा पर किया तीखा वार

## खाली प्लॉट पर झंडा लगा देते और फिर...

**उत्तर प्रदेश**

**योगी** ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने एक बार समाजवादियों के बारे में कहा था कि जो कोई भी धन की चाह में फंस जाता है वह सच्चा समाजवादी नहीं है। आज के समाजवादी केवल संपत्ति के मामले में उलझे हुए हैं।

उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। उन्होंने




आरोप लगाया कि जब समाजवादी पार्टी सत्ता में थी तो उन्होंने 'माफियाओं' को बढ़ावा दिया और अब महाकुंभ मेले का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के पावन धाम जनपद अयोध्या जी के मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र के 'हर बूथ पर खिलेगा कमल का फूल'।

योगी ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने एक बार समाजवादियों के बारे में कहा था कि जो कोई भी धन की चाह में फंस जाता है वह सच्चा समाजवादी नहीं है। आज के समाजवादी केवल संपत्ति के मामले में उलझे हुए हैं। उनके झंडे जगह-जगह खाली भूखंडों पर लगाए जाते थे। उनके झंडे अपराधियों और माफियाओं को बचाने के लिए थे। योगी ने कहा कि जहां देश और दुनिया महाकुंभ के लिए प्रयागराज की ओर आकर्षित हो रही है, वहीं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष महाकुंभ को लेकर रोजाना बदनामी करने में लगे हुए हैं। सीएम योगी ने अयोध्या के हैरिंग्टनगंज बाजार, पलिया चौराहे के पास मैदान में रैली को संबोधित किया. उपचुनाव के लिए सपा ने अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को मैदान में उतारा है। भारतीय जनता पार्टी ने इस सीट से चंद्रभान पासवान को मैदान में उतारा है। इससे पहले, समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने मिकीपुर उपचुनाव में अपनी पार्टी की जीत पर भरोसा जताया।

## मैं योगी जी से सहमत हूं- केजरीवाल

**नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की कानून व्यवस्था की स्थिति पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आलोचना का जवाब देते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी की कानून व्यवस्था केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आती है। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने इस मामले पर योगी आदित्यनाथ को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मार्गदर्शन करने का भी सुझाव दिया।



केजरीवाल ने कहा कि कल योगी जी ने बहुत अच्छी बात कही। पूरी दिल्ली इसका समर्थन करती है. उन्होंने कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। मैं उनसे 100% सहमत हूं। दिल्ली की जनता उनसे 100 फीसदी सहमत है। दिल्ली में गैंगस्टर खुलेआम घूम रहे हैं। गैंगस्टरों के 11 ग्रुप हैं जिन्होंने दिल्ली को 11 हिस्सों में बांट रखा है। उन्होंने कहा कि पूरी दिल्ली दहशत में है, लोग काफी डरे हुए हैं।

## महाराष्ट्र: भंडारा जिले में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बड़ा धमाका

**महाराष्ट्र:**

**महाराष्ट्र के** भंडारा में एक ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बड़े विस्फोट की सूचना मिली है. इस हादसे में 5 कर्मचारियों की मौत हो गई है. वहीं, कई अन्य कर्मचारियों के हताहत होने की भी प्राथमिक जानकारी है. फैक्ट्री के आरके ब्रांच सेक्शन में यह ब्लास्ट हुआ है.

फैक्ट्री में ब्लास्ट की तस्वीरें भी सामने आ रही हैं, जिसमें देखा जा सकता है कि हथियार बनाने वाले भारी सामान के टुकड़े आसपास बिखरे पड़े हैं. ब्लास्ट के बाद काला धुआं आसमान में दूर तक उठता हुआ देखा जा सकता है. वहीं, बताया जा रहा है कि धमाके के बाद फैक्ट्री में आग लग गई, जिसकी चपेट में कई लोगों के आने की आशंका है.

घटनास्थल पर पुलिस की टीमें मौजूद हैं और राहत-बचाव कार्य में जुटी हुई हैं. एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है. लोगों का कहना है कि धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि इलाके में हड़कंप मच गया और लोग इधर-उधर भागने लगे. मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा है, जो लोगों को बचाने में मदद कर रही है.

### 14 कर्मचारी फैक्ट्री में थे मौजूद

धमाका शुक्रवार (24 जनवरी) की सुबह 10:30 से 10:45 के बीच हुई. इस समय फैक्ट्री में 14 कर्मचारी काम कर रहे थे. अब तक की जानकारी के अनुसार, पांच लोगों की मौत हो गई है।

## सही समय पर करेंगे फैसला, दिखा देंगे घायल शेर क्या कर सकता है

### निकाय चुनाव को लेकर बोले उद्धव

**महाराष्ट्र**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि किसी को भी उनकी पार्टी के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, और भाजपा को कम से कम एक चुनाव मतपत्र से कराने की चुनौती दी। शिव सेना के संस्थापक बाल ठाकरे की 99वीं जयंती पर पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह सभी नगर निगमों में पार्टी कार्यकताओं से बात कर रहे हैं और वे चाहते हैं कि पार्टी आगामी स्थानीय निकाय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़े।

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को संकेत दिया कि उनकी पार्टी राज्य में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव अपने दम पर लड़ सकती है, उन्होंने कहा कि उनके कार्यकर्ता इसके लिए उत्सुक हैं और वह उचित समय पर इस पर निर्णय लेंगे। पिछले साल के विधानसभा चुनावों में हार पर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की आलोचना करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि किसी को भी उनकी पार्टी के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, और भाजपा को कम से कम एक चुनाव मतपत्र से कराने की चुनौती दी। शिव सेना के संस्थापक बाल ठाकरे की 99वीं जयंती पर पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह सभी नगर निगमों में पार्टी कार्यकताओं से बात कर रहे हैं और वे चाहते हैं कि पार्टी



आगामी स्थानीय निकाय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़े।

उन्होंने कहा कि क्या आप गद्दारों को उनकी जगह दिखाने के लिए तैयार हैं? चुनाव की घोषणा अभी बाकी है। मुझे अपनी तैयारी देखने दीजिए और मैं आपकी इच्छा के अनुसार निर्णय लूंगा। मैं उचित समय पर निर्णय लूंगा। मैंने यह देखने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया कि कितने लोग मेरे साथ हैं। जब तक आप शिवसैनिक हैं, मैं आपकी पार्टी का अध्यक्ष रहूंगा। हम गद्दारों को सबक सिखाएंगे। जब कोई आकर मुझसे कहेगा कि मैंने विचारधारा छोड़ दी है। बालासाहेब ठाकरे की, मैं अलग हट जाऊंगा। शिवसेना (यूबीटी) कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) के साथ विपक्षी एमवीए का घटक है। ठाकरे का यह बयान पार्टी नेता संजय राउत की घोषणा के कुछ दिनों बाद आया है कि उनकी पार्टी स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी, जिससे विपक्षी गुट की एकता पर सवालिया निशान लग गया है। स्थानीय निकाय चुनाव इस साल की शुरूआत में होने वाले हैं।

# मेजा में संदिग्ध परिस्थिति में आर्केस्ट्रा संचालक की हुई मौत फैली सनसनी

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** संदिग्ध परिस्थितियों में आर्केस्ट्रा संचालक की मौत होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची मेजा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी आशीष बिंद (30) पुत्र पप्पू बिंद आर्केस्ट्रा संचालक है। बताया जाता है कि बीते गुरुवार की रात्रि लगभग सात,आठ बजे के बीच कुछ अज्ञात लोगों द्वारा उसकी निर्मम हत्या कर दी गई और शव उसके घर के बगल ही खेत में फेंक दिया गया। सुबह लोगों ने खेत में आशीष का शव देखा तो हड़कंप मच गया और घटना की जानकारी फौरन मेजा पुलिस को दी गई। सूचना





मिलने पर आनन फानन में मौके वारदात पर पहुंची मेजा पुलिस जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पीएम के भेज दिया। इस संबंध में कोतवाल मेजा राजेश उपाध्याय एवं चौकी इंचार्ज जेवनिया मनोज कुमार ने बताया कि युवक के सर और चेहरे पर गहरी चोट का निशान है जिसके कारण उसकी मौत हुई है। फिलहाल युवक आशीष बिंद की हत्या क्यों और किसने किया है इस पर पुलिस की जांच पड़ताल जारी है और मामला संदिग्ध बना हुआ है। हालांकि इस सनसनी खेज वारदात से जहां इलाके में दहशत का माहौल है। मृतक आशीष के एक लड़की व एक लड़का है। घटना को लेकर मृतक की पत्नी कंचन देवी तथा अन्य का रो रोकर बुरा हाल है।

## संदिग्ध हालत में युवक की ट्रेन से कट कर मौत मचा कोहराम

**मऊआइमा।** शुक्रवार को सुबह प्रतापगढ़ की ओर से आ रही मेला स्पेशल ट्रेन सुबह नौ बजकर 45 मिनट पर जब मऊआइमा के ग्राम तिलक का पूरा (मंगनापुर) के निकट पहुंची तो संदिग्ध हालत में ट्रेन से कट गया।देर शाम शिनाख्त में युवक का नाम राकेश कुमार सिंह पुत्र रामनारायण निवासी ग्राम बासू का पुरवा करनपुर खोजी थाना दिलीपपुर प्रतापगढ़ के रूप में हुई। बताया गया है कि राकेश कुमार सिंह की ससुराल मऊआइमा के चौहान का पूरा निवासी स्वर्गीय महबल सिंह के यहां है।उनकी पुत्री सत्यवती देवी के साथ शादी हुई है। जिससे दो पुत्र हैं मृतक चार भाईयों में सबसे बडा था। मेहनत मजदूरी कर के जीवन यापन करता था । सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राकेश सिंह की मौत कैसे ट्रेन से कट कर हुई यह रहस्य बना हुआ है। राकेश की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज संगठन की बैठक बारा में हुई संपन्न

**बारा।** पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज यूपी संघ की एक बैठक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष पी सी पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार को प्रयागराज के यमुनापार अंतर्गत बारा तहसील के पंचायत भवन परिसर में सम्पन्न हुई। जिसमें संगठन विस्तार परिचय पत्र नवीनीकरण के अलावा कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष पी सी पाण्डेय ने कहा कि आज के दौर में किसी भी पत्रकार के द्वारा लिखी गई खबर समाज के हित में उपयोगी होनी चाहिए। क्योंकि पत्रकार का प्रमुख कर्तव्य समाजोपयोगी होना चाहिए। बैठक में सभी ने संगठन के प्रति अपने अपने विचार रखे। संगठन के जिलाध्यक्ष सुभाष शुक्ल ने जोर देकर कहा संगठन के विस्तार करने में हम सभी को एक जुट होकर लग जाना चाहिए, जिससे समय से सभी पत्रकार साथी का पहचान पत्र बन सकें। अपने उद्बोधन में आगे कहा किसी पत्रकार




साथी का उत्पीड़न कत्तई बर्दास्त नही किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष रबिन्द्र तिवारी ने आए हुए सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा सभी पत्रकार साथी के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा समय समय पर बैठक में अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे। तहसील कोषाध्यक्ष राकेश कुशवाहा ने जोर देकर कहा संगठन का एक एक सदस्य संगठन के प्रति समर्पित रहे तभी संगठन हमारा मजबूत रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष पी सी पाण्डेय, जिलाध्यक्ष सुभाष शुक्ल, तहसील अध्यक्ष रावेंद्र तिवारी, नीरज केसरवानी, राकेश कुशवाहा, माजिद अहमद, रवींद्र श्रीवास्तव, राकेश मिश्रा, राहुल यादव, शिवकांत तिवारी, मो. अली, सुरेन्द्र पाल, सलीम अहमद, आशीष विश्वकर्मा, मनोज द्विवेदी, आशीष द्विवेदी, मनोज यादव, वितेन्द्र कुमार पांडेय, मनोज मिश्रा, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर मार पीट कई लहुलुहान चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी एक राय होकर मार पीट कर कई को जख्मी कर दिए। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम उधमपुर खगिया निवासी छब्बू पुत्र बोडी का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी एक राय होकर लाठी डंडा से मार पीट कर लहुलुहान कर दिए। जिसमें छब्बू उसकी पत्नी सीता देवी, और पुत्री रूबी, पुत्र अमन को गहरी चोटें आयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोती लाल,अंशू, बबलू, अंजली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कौशल विकास योजना एवं महिला सशक्तिकरण से बेटियां बनेंगी आत्मनिर्भर : राजमणि कोल

अखंड भारत संदेश

**उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस पर राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कालेज मेजा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच आयोजित हुआ दीक्षांत समारोह**

**मेजा।** उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजकीय महिला पालीटेक्निक मेजा में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सत्र 2023-24 एवं इसके पूर्व उत्तीर्ण छात्राओं तथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत घरेलू सूचना प्रौद्योगिकी सहायता केंद्र हेतु परिचारिका के उत्तीर्ण छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कोरांव विधायक राजमणि कोल तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष कोरांव रामकृष्ण केशरी व मंडल अध्यक्ष उरुवा मुकेश कुमार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजमणि कोल द्वारा




मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। उन्होंने केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं जैसे, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कौशल विकास तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी आदि पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार महिला सशक्तिकरण अभियान संचालित किया है जिसके तहत आज पढ़ी लिखी हमारी बेटियां आत्मनिर्भर बन रही हैं। कार्यक्रम के दौरान कालेज की छात्रा यामिनी प्रजापति, सोनू यादव एवं आयुषी शर्मा द्वारा सरस्वती वन्दना तथा अंकिता, मनीषा व मीनाक्षी द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वागत गीत की सराहनीय प्रस्तुति की गई। संस्था के प्राचार्य शैलेन्द्र विक्रम ने अपने स्वागत भाषण में संस्था के संक्षिप्त विवरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था द्वारा 2017 से दीक्षांत समारोह की शुरूआत हुई थी। कोरोना के दौरान बंद कर दिया गया था। आज के कार्यक्रम में 2022, 23,24 के पूर्व छात्राओं ने भी भाग लिया है। उन्होंने विद्युत समस्या के समाधान हेतु 10 सोलर लाइट व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से संस्था तक की लिंक मार्ग के मरम्मत की मांग किया। कार्यक्रम संचालन डा. त्रिलोक पाठक ने किया। इस अवसर पर कविता कमल,सुनीता शाह, धनंजय सिंह, मोनिका मौर्या,श्रद्धा श्रीवास्तव, माया दिवाकर, मनोज कुमार, रंजित श्रीवास्तव, अभिजीत सिंह, गौरव उत्तम, पीयूष मिश्रा तथा राजेश कुमार आदि के अलावा कालेज के समस्त कर्मचारीगण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### सांसद ने भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर के पथ पर चलने की बात कही



**मांडा।** विधानसभा कोरांव के नेवढ़िया बयालिस में भारतरत्न जननायक कपूरी ठाकुर की 101वीं जयंती बड़े धूम धाम से मनाया गया। शुक्रवार को नेवढ़िया बयालिस में भारतरत्न जननायक कपूरी ठाकुर की जयन्ती समारोह के मुख्य अतिथि प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने पहुंच कर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित कार्यकर्ताओ एवं सम्मानितगणो को मंच के माध्यम से उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पथ पर चलने की बात कहीं ' वही ऑल इण्डिया महा पद्म नन्द एजुकेटेट एसोसिएशन की तहसील कोरांव द्वारा आयोजित कपूरी ठाकुर की जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता जय राम शर्मा तथा संचालन प्रेम शंकर शर्मा ने की ' कार्यक्रम में पूर्व विधायक राम कृपाल, डॉ. लक्ष्मी कांत शर्मा, गिरीश कुमार, संत लाल, मूल चन्द्र शर्मा, निशा देवी, शर्मा, सोम दत्त सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस के लिए तिरंगे से सज गई दुकानें




**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए दुकानों पर केसरिया सफेद और हरे रंग से बने कई तरह के समान सजे हैं। पगड़ी और बच्चों की ड्रेस आकर्षण का केंद्र है। वहीं स्कूल कॉलेजों में होने वाले मुख्य समारोह के लिए अभ्यास जोरशोर से चल रहा है। रविवार को जिले भर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। यमुनापार में कौंधियारा,अकोढ़ा, सेहरा,कर्मा, जारी सहित कई स्थानों पर तिरंगा और राष्ट्रीय ध्वज की दुकानें सजी हैं। छोटे बच्चों में झंडा खरीदने के प्रति उत्साह है, हालांकि स्कूल बंद हैं लेकिन माता-पिता के साथ दुकानों पर पहुंच रहे बच्चे तिरंगा खूब खरीद रहे हैं। दुकानों पर तिरंगे, टोपियां, कैप, झंडे, कोट पर लगने वाले बैज के अलावा तिरंगा पगड़ी और छोटे बच्चों की तिरंगा ड्रेस भी सजी है। कौंधियारा के अकोढ़ा में दुकानों पर कई आइटम सजे है।अकोढ़ा स्थित सूर्यकमल गिफ्ट व्यवसायी ऋषभ शुक्ला ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी खरीदारी अच्छी हो रही है। दुकान में पांच रुपए से लेकर पचास रुपए तक के झंडे और तिरंगे के गिफ्ट उपलब्ध हैं। जो लोग सामान खरीद रहे हैं, वे खासे उत्साहित हैं।

### मांडाखास का ही निकला बाइक चोर, भेजा जेल



**मांडा।** विगत दिनों से विकास खण्ड मांडा के बघौराखवासान गांव निवासी अजय कुमार पुत्र रामदास मौर्या ने मांडा थाने में आप बीती बात बताकर एवं तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि विकास खण्ड माण्डा में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत है । जो कि 18 मई 2023 को ग्राम भरारी द्वितीय में ड्यूटी करके अपने घर ग्राम बघौरा खवासान वापस जा रहा था । समय करीब 8.30 बजे साम आशीष शुक्ल व अपने घर के बीच में नहर के किनारे सड़क पर मोटर साइकिल खडी करके पेशाब करने लगा । तभी मोटरसाइकिल को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया। गौरतलब हो कि उक्त मोटर साइकिल की गंभीरता पूर्वक खोज बीन करने पर सरताज पुत्र जान मोहम्मद निवासी ग्राम माण्डाखास के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल 23 जनवरी .2025 मस्तान शाह बाबा पहाड़ी के पास से गिरफ्तार कर मुकदमा की वृद्धि करते हुए अभियुक्त को न्यायिक हिरासत हेतु मा0 न्यायालय भेजा गया।

### वकील की ड्रेस में गरीबों से रुपया ऐंठने वाले फर्जी वकील के विरुद्ध मेजा पुलिस ने लिया एक्शन



**मेजा।** वकील की ड्रेस में गरीब लोगों से पुलिस के नाम पर रुपया ऐंठने वाले कथित एक फर्जी वकील को एक महिला की शिकायत पर मेजा पुलिस द्वारा हिरासत में लेने का मामल प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के परवा गांव निवासी राजू सोनकर पुत्र चंद्रबली नामक शख्स जो वकील की वर्दी में फर्जी वकील बन आए दिन मेजा थाना के सामने मंडराता रहता है और थाने पर आने जाने वाले पीड़ित एवं गरीब लोगों को स्वयं को हाई कोर्ट का वरिष्ठ वकील बताकर तहसील व थाने का काम कराने हेतु पुलिस के नाम पर पीड़ित लोगों से धोखाधड़ी से लंबी रकम ऐंठना फिर वहां से फरार हो जाना इसका प्रतिदिन का पेश रहा है। इस संबंध में ऊंचडीह सोनार का तारा गांव निवासी महिला राजकुमारी पत्नी बबलू भारतीय ने बीते 22 जनवरी को कोतवाली मेजा में लिखित शिकायती पत्र देते हुए फर्जी वकील राजू सोनकर पर आरोप लगाते हुए लिखा वह अपने खेत का सीमांकन कराने हेतु गत दिनों मेजा तहसील आई हुई थी इस दौरान उसे मेजा थाने के सामने अड्डा जमाए उक्त फर्जी वकील उसे मिला और उसके खेत का सीमांकन कराने हेतु राजस्व टीम तथा पुलिस टीम गठित कराने के नाम पर दो बार में उससे तीस हजार रुपया ऐंठ लिया है। बताया जाता है कि कार्य न होने पर महिला राजकुमारी भारतीय ने जब अपने दिए हुए तीस हजार रुपए की मांग किया तो फर्जी वकील ने राजू सोनकर ने उसेसे गाली गलौज किया। इसी प्रकार मेजा थाने में किसी कार्य से आई भटौती गांव की महिला सुनीता देवी ने भी पुलिस के नाम पर सात हजार रुपया उक्त फर्जी वकील द्वारा लेने का आरोप लगाई है।

# सरकारी कोटे की दुकान में धांधली, दूसरे दिन भी खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सरकारी कोटे की दुकान को सक्षम अधिकारी से चयन कराये जाने की मांग**

**मेजा।** बुधवार को विकास खण्ड मेजा के ग्राम पंचायत डेलौहा में एक वर्ष पूर्व कोटेदार की मृत्यु होने पर सरकारी कोटे की दुकान के लिए बैठक की गई। बैठक ग्राम पंचायत अधिकारी श्याम सूरत एवं एन.आर.एल.एम के कर्मचारी इरफान सिद्दकी के नेतृत्व में की गई जिसमे ग्राम पंचायत डेलौहा 15 समूह चल रहा है इसमें से 9 समूह की महिलाओ ने आवेदन किया था। जिसमे एक समूह की महिला ने अपना आवेदन वापस ले लिया था। उसके बाद 8 समूह की महिलाएं थी जिसमे ग्राम पंचायत अधिकारी श्याम सूरत एवं एन.आर.एल.एम के कर्मचारी इरफान सिद्दकी की मिली भगत से बिना रजिस्टर चेक किए न तो किसी अन्य समूह की महिलाओं का समर्थन लिए बिना शंकर भगवान समूह की महिला का 15 सदस्य दिखाकर फर्जी ढंग से चयन की प्रक्रिया में ले लिया और दूसरे सतगुरु समूह की महिलाओ का नाम नेट से हटाकर उसको अपात्र कर दिया। जब समूह की अन्य महिलाओं को जानकारी हुई तो समूह की महिलाओ ने शोरगुल शुरू करते हुए




आरोपित किया कि ग्राम पंचायत अधिकारी श्याम सूरत एवं एन.आर.एल.एम के कर्मचारी इरफान सिद्दकी ने पैसा लेकर ऐसा किया है।जिसको लेकर अन्य समूह की अनीता के शिमला पटेल,कंचन ,कान्ति देवी,अकुन देवी चंद्र लली, ज्ञान देवी सीमा देवी सीता देवी के साथ कई समूह की महिलाओं ने एसडीएम मेजा और खण्ड विकास अधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कहा सरकारी कोटे की दुकान निरस्त कर फिर से पंद्रह सदस्यीय समूह की महिलाओं का समर्थन लेकर किसी सक्षम अधिकारी से चुनाव कराने की मांग की। एसडीएम मेजा दशरथ कुमार से समूह की महिलाओं ने बात किया तो उन्होंने कहा की मैं महाकुंभ में वीआईपी ड्यूटी में है मै नायब तहसीलदार बोल देता हूं।

नायब तहसीलदार राजेंद्र प्रसाद पहुंचे और समूह की महिलाओं ने ज्ञापन सौंपा कहा की सचिव श्याम सूरत और एन.आर.एल.एम के कर्मचारी इरफान सिद्दकी के द्वारा फर्जी ढंग से किया गया है उसको निरस्त कर सक्षम अधिकारी से कराया जाय।नायब तहसीलदार राजेंद्र प्रसाद भरोसा दिलाया कि एसडीएम मेजा को देकर कार्रवाई कराई जाएगी। उसके बाद खण्ड विकास अधिकारी चेंबर मे पहुंचकर बात बताई खण्ड विकास अधिकारी अमित मिश्रा ने कहा की जांच के लिए भेजा दिया है। जांच कर और समूह की महिलाओं का ब्यान लेकर पारदर्शिता तहत चयन किया जाएगा।

## चलाया गया एंटीरोमियों स्क्वाड द्वारा जागरुकता अभियान

**प्रयागराज।** शुक्रवार को श्रीमान पुलिस आयुक्त व श्रीमान अपर पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त नगर के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज-05 के तहत नगर जोन के विभिन्न थानों में गठित एंटीरोमियों स्क्वाड व महिला बीट अधिकारियों द्वारा महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक करते हुए गुड-टच, बैड-टच तथा विभिन्न हेल्पलाइन- वूमेन पॉवर लाइन-1090, आपातकालीन सेवा यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्प डेस्क, एण्टी-रोमियो स्क्वाड, शक्ति दीदी अभियान व आत्मरक्षा सम्बंधी टिप्स आदि के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देकर जागरुक किया गया।



## प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस

**जसरा।** प्रयाग संगम सेवा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय चिल्ला गौहानी, प्राथमिक विद्यालय पांडर में बालिकाओं को पेन्सिल रबड़ पेन इत्यादि देकर सम्मानित किया गया और उनको उनके अधिकार के बारे में बताया गया इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय चिल्ला गौहानी में सुधांशु मिश्रा के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ अंकिता पाण्डेय के सहयोग से मेडिकल कैम्प का आयोजन कराया गया जिसमे डॉ जमाल अहमद, डॉ रूमी आकिल ने छात्र छात्राओं क चेकप किया और दवा वितरण किया गया।उक्त कार्यक्रम में सहायक अध्यापिका बबिता वर्मा, सुनीता,जगमोहन यादव का काफी सहयोग रहा बालिका दिवस के अवसर पर सुधांशु मिश्रा ने बताया की हमारी सरकार ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कौशल, स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसने बालिकाओं को सशक्त बनाने में योगदान दिया है। बालिकाओं के साथ कोई भेदभाव न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए भी हम उतने ही प्रतिबद्ध हैं। और उन्होंने दहेज मुक्त समाज का आवाहन किया।उपाध्यक्ष राम जी त्रिपाठी ने बालिकाओं को सरकार द्वारा चलायी गयी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया, उक्त कार्यक्रम में किरन, पार्वती,राजीव मिश्रा, मयंक ओझा आदि लोग मौजूद रहे।

# कोरांव मेजा की धरती ने देश का प्रधान मंत्री और सर्वोच्च न्यायालय की कुर्सी तक पहुंचाया : उज्ज्वल रमण सिंह

**चौधरी शिव जोखन सिंह इंटर कॉलेज जवाइन कोरांव के वार्षिकोत्सव में पहुंच कर विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष का किया शिलान्यास**

**कोरांव।** शिव जियावन इंटर कॉलेज जवाइन कोरांव में इंडिया गठबंधन से कांग्रेस सांसद प्रयागराज उज्वल रमण सिंह ने वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि बतौर कहा कि कोरांव मेजा की धरती से ही देश का प्रधान मंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तक पैदा किया है,यह गर्व की बात है। सांसद ने कहा यह क्षेत्र किसानी,नौकरी,पढ़ाई लिखाई में पूरे जमुनापार ही नहीं देश प्रांत तक नाम रोशन किया है। इस विद्यालय के बच्चों और अध्यापकों प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह तथा प्रबंधक को बहुत ही हार्दिक बधाई और अभिनंदन के साथ गुणगान किया। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम से हर्षित हो कर उनकी हौंसला आफजाई किया। उन्होंने पहुंचते ही विज्ञान कक्ष का शिलान्यास किया जहां विद्यालय परिवार और बच्चों ने आम जनों ने फूल मालाओं से लाद




कर स्वागत एवं अभिनंदन किया और साफा तथा चांदी के मुकुट पहना कर विद्यालय परिवार और ग्राम पंचायत द्वारा खैर मकदम किया गया। उन्होंने प्रबंधक उदित नारायण सिंह की सराहना किया और कहा कि इस विद्यालय के विकास में कमी नहीं आने देंगे। और जो सुझाव इस क्षेत्र की समस्या के विकास के लिए कहा है उसका समाधान का पूर्ण प्रयास किया जाएगा। पूर्व विधायक रामकृपाल कोल ने भी समारोह को संबोधित किया और विद्यालय परिवार की हौंसला आफजाई किया। पूर्व विधायक ने गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब अंबेडकर की तीखी टिप्पणी करने की निंदा किया। और गरीब मजलूमों किसानों बेरोजगारों मजदूरों की सरकार द्वारा की जा रही उपेक्षाओं पर नाराजगी जताते हुए विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सांसद पी आर ओ विनय कुशवाहा,जोगेंद्र सिंह,प्रमोद प्यासी नेता प्रधान जवाइन,राम मूर्ति भूरतिया उर्फ मुखिया सहित तमाम लोग गणमान्य छात्र मीडिया के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे। प्रबन्धक उदित नारायण सिंह ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

# संपूर्ण विश्व को समानता और समरसता का संदेश दे रहा महाकुंभ : केंद्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल



**महाकुंभ नगर।** भारत की आस्था, एकता और आध्यात्मिकता का प्रतीक है, आज विश्वभर में समानता और समरसता का संदेश दे रहा है। इस ऐतिहासिक आयोजन में केंद्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। प्रयागराज एयरपोर्ट पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ह्यनंदीह्ल ने केंद्रीय मंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद दोनों मंत्री महाकुंभ नगर पहुंचे, जहां त्रिवेणी संगम के पावन तट पर स्थित परमार्थ निकेतन शिविर में उन्होंने स्वामी चिदानंद सरस्वती द्वारा आयोजित मोरारी बापू की श्रीराम कथा में भाग लिया। राज्यमंत्री मेघवाल ने इस अवसर पर वैदिक अनुष्ठान में आहुति देकर भारतीय संस्कृति की जीवंतता का अनुभव किया।पवित्र संगम में डुबकी लगाने के लिए मंत्रीगण वीआईपी घाट पहुंचे। केंद्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ह्यनंदीह्ल के साथ संगम में स्नान किया। इस दौरान मंत्री नंदी ने उनका मार्गदर्शन करते हुए संगम स्नान की विधि को विशेष बना दिया। स्नान के उपरांत विदेशी पक्षियों को दाना खिलाते हुए उन्होंने प्रकृति और मानवता के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। केंद्रीय राज्यमंत्री ने महाकुंभ की दिव्यता और भव्यता की प्रशंसा करते हुए कहा कि महाकुंभ अनंतकाल से आस्था, आध्यात्म और समरसता का संगम रहा है। यह न केवल भारत का, बल्कि संपूर्ण विश्व का आध्यात्मिक केंद्र बन चुका है। महाकुंभ 2025 से विश्वभर को समानता और समरसता का अमूल्य संदेश जा रहा है। महाकुंभ की अलौकिकता और इसकी दिव्यता ने सभी उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। संगम तट पर मंत्रोच्चार, वैदिक अनुष्ठान और भारतीय संस्कृति की भव्यता ने इसे एक अविस्मरणीय अनुभव बना दिया।

## पहले दिन 31 लाख से अधिक पार्थिव शिवलिंग बने

### शिविर में अभिनेता राजपाल के पिता के लिए जताया गया शोक

**महाकुम्भनगर।** दद्दा जी शिष्य मंडल भारतवर्ष द्वारा आयोजित एक सौ छत्तीसवा सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण का पहला दिन था । पहले दिन परम पूज्य ग्रहस्त संत डॉ अनिल शास्त्री के सानिध्य में 31 लाख सात सौ चौदह पार्थिव शिवलिंग का निर्माण हुआ है उसके बाद श्रीमद भागवत कथा और आरती की गयी तथा 18 पुराण महामृत्युंजय जाप पढ़ा गया । यज्ञ संयोजक योगेश चंद्र यादव ने बताया की शाम सात बजे से लेकर रात साढ़े नौ बजे तक राम लीला का आयोजन किया जायेगा । बता दें की प्रातः काल अंतराष्ट्रीय अभिनेता व दद्दा शिष्य मंडल भारतवर्ष के वरिष्ठ गुरु भाई राजपाल यादव के पिता के देहांत की दुःखद खबर सुनकर शिवलिंग अभिषेक व पूजन अर्चन के तुरंत बाद परम पूज्य डॉ अनिल शास्त्री जी ने शिविर में शोक सभा का आयोजन कर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा की ईश्वर राजपाल के पिता नवरंग यादव की आत्मा को शांति प्रदान करे और इस दुःख की घड़ी में राजपाल व उनके परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे । इस मौके पर महावीर चौधरी, मिडिया प्रभारी सूर्यदीप यादव सूरज, शनि केसरी, पी के, दीपक दुस्सा आदि लोग उपस्थित रहे।

# उ.प्र. स्थापना दिवस विकास और विरासत की यात्रा में कला कुंभ का योगदान



**महाकुंभनगर।** के कला कुंभ परिसर, सेक्टर-07 में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश, अपनी सांस्कृतिक धरोहर और समृद्ध परंपराओं के साथ विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस स्थापना दिवस की थीम ह्यविकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेशह्ल राज्य की प्रगति को नई दिशा देने का संकल्प है। कला कुंभ परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदेश की प्रगति और उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। उप मुख्यमंत्री ने प्रदर्षनी का अवलोकन किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। इस भव्य आयोजन में प्रदेश की विविधता और समृद्ध परंपराओं को दशार्ते हुए संगोष्ठियां, रोड शो और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन प्रदेशवासियों को एकता और प्रगति के लिए प्रेरित करता है। उत्तर प्रदेश राज्य के स्थापना दिवस पर आज पूरे प्रदेश में उत्साह और गर्व का माहौल है। अध्यात्म, ज्ञान और शिक्षा की तपोभूमि उत्तर प्रदेश, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में विकसित भारत की संकल्प यात्रा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह दिन प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक उपलब्धियों और विकास यात्रा को सम्मानित करने का प्रतीक है।

# गंगा कल्पवास आश्रम में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**महाकुंभनगर।** नागवासुकी मार्ग सेक्टर 6 पुल 17 स्थित गंगा कल्पवास आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय गंगा प्रसाद पांडेय के पुत्र तीर्थ पुरोहित चंद्र नारायण पांडेय गुड्डू शास्त्री महाराज एवं प्रशांत पांडेय महाराज के कल्पवास आश्रम में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में यजमान जगमोहन तिवारी, प्रधान महरछा सीताराम तिवारी, हीरालाल तिवारी, कांशीराम तिवारी, रामसागर तिवारी द्वारा आयोजित कथा में कथावाचक रसिक भैया जी महाराज श्रीधाम वृंदावन द्वारा भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव एवं विभिन्न बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया गया। गुरुवार को भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया भक्तों ने पुष्प वर्षा किया एवं नाचते गाते बाल स्वरूप कृष्ण का पूजन अर्चन किया। शुक्रवार को महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए बाल लीला वर्णन, माखन चोरी, छप्पन भोग, गोवर्धन पूजा प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें, भगवान श्रीकृष्ण का गौ प्रेम, कालिया नाग मान मर्दन, गोपियों के प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंगों का वर्णन किया। श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा बीच-बीच में सुनाए गए भजन पर श्रोता भाव विभोर हो गए। महाराज ने कहा कि भागवत कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बताती है भागवत कथा श्रवण करने से मोक्ष प्राप्ति होती है, कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर परिजनों में घनश्याम तिवारी,मुरलीधर तिवारी, श्यामधर तिवारी, राजधर तिवारी, गुलाबधर साहब तिवारी, ज्ञानधर तिवारी, धरणीधर तिवारी, शेषधर तिवारी, विजय कुमार, कृष्ण कुमार, सौरभ, गौरव, देवी प्रसाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी बनीं महामंडलेश्वर

## किन्नर अखाड़ा ने पट्टाभिषेक कर बनाया महामंडलेश्वर,यमाई ममता नंद गिरी के नाम से जानी जाएंगी, 25 साल बाद भारत लौटने पर संगम में लगाई डुबकी

**अखंड भारत संदेश**



**महाकुम्भनगर।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज मे चल रहे कुम्भ मेले मे हिंदी फिल्मो की मशहूर हीरोइन ममता कुलकर्णी ने सन्यास ले लिया है। सन्यास के साथ वह महामंडलेश्वर बनाई गई हैं।अब वे महामंडलेश्वर ममता नन्द गिरी के नाम से पुकारी जाएगी। ममता सुबह ही प्रयागराज के महाकुंभ मेले में पहुंचीं थी। इस दौरान वो पूरे भगवा रंग में रंगी नजर आईं। बॉलीवुड अभिनेत्री रहीं ममता कुलकर्णी को अब किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने अपने संन्यासी जीवन की शुरूआत संगम के तट पर बसे 45 दिनों के अलौकिक संसार 'महाकुंभ' से की है। ममता कुलकर्णी हिंदी फि ल्म गैगस्टर,क्रांतिवीर, करण अर्जुन, चाइना गेट और किला जैसी फिल्मों की एक्ट्रेस रही। 90 के दशक में ममता कुलकर्णी ने अपनी जबरदस्त पहचान बनाई थी। किन्नर अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाने की घोषणा शुक्रवार को की। इसके साथ ही ममता कुलकर्णी अब यमाई ममता नंद गिरि के नाम से जानी जाएंगी। ममता एक दिन पहले ही महाकुंभ पहुंची थीं। पट्टाभिषेक से पहले ममता संगम स्नान और पिंड दान किया। स्नान के बाद यह भी साफ किया कि वह क्यों महामंडलेश्वर बन रही हैं। उन्होंने अपने महामंडलेश्वर बनने को मां काली का आदेश बताया। उन्होंने बताया कि आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी को अपना पट्टागुरु चुना। शुक्रवार की सुबह मां काली ने आदेश दिया कि मुझे लक्ष्मी नारायण जी को आचार्य चुनना है। वह साक्षात अर्धनारिश्वर के स्वरूप हैं। एक अर्धनारिश्वर के हाथों पट्टाभिषेक से बड़ी क्या उपाधी हो सकती है। ममता ने कहा कि महामंडलेश्वर के लिए मेरी परीक्षा ली गई। 23 साल में मैंने क्या ध्यान और साधन किया, इस बारे में काफी सवाल किए गए। जो-जो पूछा गया, मैंने सबकुछ बताया। इसके बाद मुझे यह उपाधि मिल रही है। हर तरह की परीक्षा के बाद मैं पास हुई हूं।

**विवादों से घिरी रही जिंदगी :** ममता कुलकर्णी का करियर जितना चमकदार था, उनकी निजी जिंदगी उतनी ही विवादों में घिरी रही।

**अंडरवर्ल्ड से जुड़ा रहा रिश्ता :** ममता का नाम कथित तौर पर छोटा राजन जैसे अंडरवर्ल्ड डॉन के साथ जोड़ा गया।

ड्रग तस्करी का आरोप : 2015 में ममता का नाम 2000 करोड़ रुपये के ड्रग कार्टेल से जोड़ा गया, जिसमें उनके पति विक्की गोस्वामी भी शामिल थे। हालांकि, ममता ने इन आरोपों से इनकार किया।

# महाकुंभ से ये भी एक सुन्दर तस्वीर झोला लेकर पवित्र गंगा में स्नान

## इंग्लैड के पूर्व प्रधान मंत्री ऋषि सुनक की सास सुधा मूर्ति



**प्रयागराज।** महाकुंभ से ये भी सुन्दर तस्वीर है। जो झोला लेकर पवित्र गंगा स्नान को प्रयागराज पंहुची हैं ये 775 करोड़ की मालकिन हैं।सुधा मूर्ति, जो कि सियासत, समाजसेवा और व्यापार जगत में अपनी सादगी के लिए भी जानी जाती हैं. ये और इनके पति नारायण मूर्ति, जो इंफोसिस के को-फाउंडर और अरबपति व्यवसायी है, इंग्लैंड के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की सास भी है,।और आप राज्यसभा सांसद है...।

# देश व किसानों का हित ही कारडेट का मुख्य उद्देश्य : डा. हरिश्चंद्र

## नैनों यूरिया व नैनों डीएपी के उत्पादन पर प्रबंध निदेशक के प्रति जताया आभार




**फूलपुर।** इफको कोरडेट द्वारा किसानों को समय- समय पर प्रशिक्षित किया जाना एक सराहनीय कदम है। प्रशिक्षित किसान कृषि कार्य से सम्बन्धित तकनीकियों को अपनाकर बिना किसी नुकसान के अपनी फसल की पैदावार बढ़ा रहा है। यह बातें शुक्रवार को इफको कोरडेट के मोतीलाल नेहरू फार्मर्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के कक्ष में एक दिवसीय विशेष कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय ने कही। नैनों यूरिया व नैनों डीएपी की उत्पत्ति को प्रबंध निदेशक की उत्कृष्ट सोच का नतीजा बताते हुए उन्होंने कहा की आज देश का किसान कम दामों में नैनो का इस्तेमाल कर जहां उर्वरक पर ज्यादा खर्च करने से बच रहा है वहीं मिट्टी को नुकसान पहुचाए बिना अपने खेतों की पैदावार बढ़ा रहा है। उन्होंने कोरडेट के प्रधानाचार्य से दूर दराज के किसानों को भी प्रशिक्षित करने की बात कही। कर्मचारी संघ के महामंत्री विजय यादव ने नैनों यूरिया प्लस व नैनों डीएपी के उत्पादन पर प्रबंध निदेशक के प्रति आभार व्यक्त किया। कारडेट के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरिश्चंद्र ने इफको के नए उर्वरक नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रयोग की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की कारडेट का मुख्य उद्देश्य देश व किसानों के हित में काम करना है। सुमित तेवतिया ने वर्तमान रवि फसलों में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के छिड़काव के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान कॉर्डेट मे गेहूं एवं सब्जियों की फसलों में नैनो उर्वरकों के प्रदर्शन का अवलोकन भी कराया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर कारडेट के प्रधानाचार्य डा० हरिश्चंद्र,कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय महामंत्री विजय यादव,सालिक राम पटेल, सुमित तेवतिया, मुकेश तिवारी व इफको कर्मचारी संघ के सदस्यों के साथ ही कारडेट के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## के एल कान्वेंट स्कूल के पास बिजली के झूलते तार हादसे का दे रहा संकेत, जिम्मेदार मौन



**बारा।** बिजली विभाग की लापरवाही से क्षेत्र में कई घटनाए मौत से लेकर खेत खलिहान तक अक्सर होती सुनाई पड़ती है।फिर भी कर्मचारियों के ऊपर कोई सुधार नाम का चीज नही है। इसी तरह बारा खास के एल कान्वेंट स्कूल तालाब के पास,वहाँ जाने वाली 11000 बिजली तार इस कदर लटक कर झूल रहा है कि किसी न किसी दिन तालाब के पानी को छू लेगा जिससे बहुत बड़ा हादसा होने से कोई नही रोक पायेगा। छोटे छोटे बच्चों का तालाब से होकर स्कूल आना जाना होता है कही ऐसा न हो कि बच्चे करेन्ट की चपेट में आ जाय, वही सुबह शाम सौच के लिए लोगो का भी तालाब पर अक्सर जाना होता है। तार काफी नीचे झूल रहा है जिससे खतरा करेन्ट से 24 घण्टे तालाब से लेकर स्कूल तक मड़रा रहा है फिर भी जिम्मेदार मूक बने हुए है। बारा खास के राजीव कुशवाहा, रंजीत भारतीया, विद्याकान्त कनौजिया, ब्यापार मण्डल अध्यक्ष आशीष केसरवानी ने मांग किया है कि झूल रहे तार को जल्द से जल्द टाइट किया जाय जिससे किसी प्रकार का हादसा न हो सके। इस बाबत एस डी ओ शंकरगढ़ बिजली विभाग का कहना है जानकारी मिली है झूल रहे तार को जल्द ठीक कर दिया जाएगा।

# केंद्र शासित प्रदेशों के यू0टी0 पैवेलियन का भव्य उद्घाटन



**महाकुंभनगर** में केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव तथा लक्षद्वीप के भव्य यू0टी0 पैवेलियन का उद्घाटन हुआ। इस विशेष आयोजन में मंडलायुक्त प्रयागराज श्री विजय विश्वास पंत और पुलिस आयुक्त प्रयागराज श्री तरुण गाबा सहित कई प्रमुख अतिथि और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महाकुंभ जैसे आयोजन न केवल भारत की सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन करते हैं, बल्कि पर्यटन और आर्थिक सहयोग को भी बढ़ावा देते हैं। दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव प्रशासन ने उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन में भागीदारी ने प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और प्रगति को लाखों श्रद्धालुओं तक पहुँचाने का अवसर प्रदान किया है।

यह यू0टी0 पैवेलियन केंद्र शासित प्रदेशों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और विकास यात्रा का जीवंत प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और प्रशासक श्री प्रफुल्ल पटेल के मार्गदर्शन में इन प्रदेशों ने उल्लेखनीय प्रगति की है। पैवेलियन में पर्यटन, प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक धरोहर, स्थानीय शिल्पकला और सरकारी योजनाओं की झलक प्रस्तुत की गई है, जो दर्शकों को इन प्रदेशों की अनूठी पहचान से परिचित कराएगी। महाकुंभ में स्थित यह यू0टी0 पैवेलियन आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके अतिरिक्त यहाँ महाकुंभ के आगंतुकों के लिए उच्च-स्तरीय टेंट और कॉटेज की सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई गई हैं।

## विधि संकाय में भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं विधि शास्त्र पर विशेष व्याख्यान

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि संकाय में शुक्रवार को भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं विधि शास्त्रः भारत में आध्यात्मिकता की ओर एक दिशा विषय पर प्रो. हिमांशु पांडे ,प्रोफेसर, महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी का विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

विधि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. आदेश कुमार ने प्रोफेसर हिमांशु पांडे को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया और डॉ. अंशुमान मिश्रा ने आभार स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर प्रो. हिमांशु पांडे ने न्यायशास्त्र पर एक नया दृष्टिकोण दिया और छात्रों से न्यायशास्त्र को केवल एक विषय के रूप में नहीं बल्कि हमारी अपनी परंपराओं में निहित एक जीवित, विकसित दर्शन के रूप में देखने का आग्रह किया। ज्यूरिस व्याख्यान समिति की संयोजिका डॉ. संध्या वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीएएलएलबी,ऑनर्स की छात्राओं सौम्या सोनकर और अनन्या मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विधि संकाय के शिक्षक डॉ. अजय सिंह, डॉ. सोनल शंकर, डॉ. रोशन लाल, डॉ. रश्मि ठाकुर, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. विजय लक्ष्मी सिंह, डॉ. स्मिता श्रीवास्तव, सुश्री श्रद्धा चौधरी, डॉ. नरेन्द्र कुमार, भीम सिंह मीणा, डॉ. अनुराग दीपक वर्मा एवं रितेश तिवारी उपस्थित रहे।

# काशी क्षेत्र के पदाधिकारियों ने संगम में लगाई डुबकी



**प्रयागराज।** शुक्रवार को भाजपा काशी क्षेत्र के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल के नेतृत्व में संगम में डुबकी लगाकर दिव्य भव्य कुंभ के दृश्य को जी भरकर निहारा। स्नान में भाजपा के संगठनात्मक दृष्टि से गठित काशी क्षेत्र के बनारस, गाजीपुर, मिजार्पुर, सोनभद्र, भदोही, प्रतापगढ़, प्रयागराज महानगर, गंगापार, यमुनापार सहित 16 जिलों के जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष व काशी क्षेत्र के पदाधिकारी सम्मिलित रहे। महाकुंभ क्षेत्र के सेंटर 6 नागवासुकी थाना के पास स्थित पार्टी के राष्ट्रीय शिविर में एकत्र होने के बाद सभी पदाधिकारी संगम नोज पहुंचे जहां प्रफुल्लित होकर सभी ने स्नान किया और चंदन लगवाया। इस दौरान सभी पदाधिकारी प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ का संदेश देते हुए वस्त्र इत्यादि रखने के लिए अपने साथ कागज व कपड़े से बने थैले भी ले गए थे। क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी क्षेत्र दिलीप पटेल ने कहा कि संगम स्नान के बाद एक दिव्य अनुभूति होती है। दिव्य भव्य अलौकिक सुंदर स्वच्छ महाकुंभ का दृश्य चारों तरफ दिखाई पड़ता है। श्रद्धालुओं से अपील है कि वे प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ में अपना सहयोग दें। भाजपा कार्यकर्ता पूरे मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सेवा सहायता में लगे हैं। आने वाले दिनों में संगठन के प्रदेश व राष्ट्रीय पदाधिकारियों का भी आगमन होगा पार्टी के राष्ट्रीय शिविर में। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को भी श्रद्धालुओं तक पहुंचाएं। शिविर व्यवस्था में लगे कार्यकर्ता अपने दायित्वों को ईमानदारी से निभाएं। इस दौरान काशी क्षेत्र महामंत्री सुशील त्रिपाठी, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, गंगापार अध्यक्ष कविता पटेल, यमुनापार अध्यक्ष विनोद प्रजापति, कमलेश गौतम, उत्तर मौर्य, शैलेन्द्र मौर्य, राकेश भारती, विवेक मिश्रा, प्रशांत शुक्ला, निमिष खत्री आदि उपस्थित रहे।

# तुलसीसदन में भव्य तरीके से हुआ ''उत्तर प्रदेश दिवस'' समारोह का आयोजन

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले व योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** तुलसीसदन (हादीहाल) में 24 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले ''उत्तर प्रदेश दिवस-2025'' समारोह का भव्य तरीके से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अवध शिल्पग्राम शहीद पथ लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश दिवस एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का शुभारम्भ किया। जिसका सजीव प्रसारण तुलसीसदन सभागार में आयोजित किया गया। सजीव प्रसारण का अवलोकन विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0भ्रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, शिक्षक विधायक के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार,



परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव व अन्य अधिकारीगण, छात्र-छात्रायें, जनपद के सम्भ्रान्त नागरिक ने देखा एवं सुना। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विधायक, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अतिथियों व भारी संख्या में तुलसीसदन परिसर में विभिन्न विभागों सहकारी समिति इफको, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, यूपी नेडा, पंचायती राज विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, खादी ग्रामोद्योग, समाज कल्याण, मत्स्य पालन, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग, जिला उद्योग, महिला कल्याण, कृषि, नियोजन एवं अर्थ



एवं संख्या प्रभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, सूचना विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया एवं सम्बन्धित से जानकारी भी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी में विभिन्न नवाचारों, योजनाओं और विभागीय उपलब्धियों को देखा और विभाग के प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर अतिथियों ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के 05 लाभार्थियों को स्वीकृत 5-5 लाख रूपये का डेमा चेक का वितरण, स्वास्थ्य विभाग में उत्कृष्ट कार्य हेतु 05 चिकित्साधिकारियों को प्रशस्ति पत्र, आयुष्मान वय वन्दना योजना के चयनित 70 वर्ष से अधिक आयु वाले 05 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण, कृषि विभाग के 01 लाभार्थी को फार्म मशीनरी बैंक में अनुदान स्वरूप 8 लाख, कस्टम हायरिंग सेन्टर (ग्रामीण उद्यमी) के 02 लाभार्थियों को 24-24 लाख तथा 02 लाभार्थियों को 4-4 लाख के अनुदान का चाभी/प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान जलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि आज हम अपने प्रदेश के स्थापना दिवस की वर्षगांठ मना रहे है और उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस की थीम ''विरासत एवं विकासः प्रगति पथ पर अग्रसर उत्तर प्रदेश'' बहुत ही महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम में आये हुये अतिथियां का मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया।



# विद्युत कर्मियों को बांटी गई सुरक्षा किट व आईडी कार्ड

## जिम इन्फोटेक कंपनी ने सभी विद्युत उपकेंद्र पर वितरण किया सामान

**अखंड भारत संदेश**

**बेलखरनाथ धाम।** विद्युत कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिम इन्फोटेक कंपनी द्वारा सेफ्टी किट व आई कार्ड दिया गया। सुरक्षा किट व आई कार्ड मिलने पर कर्मचारियों ने खुशी जताई है। शुक्रवार को कंपनी के मैनेजर अमित सिंह विद्युत उपकेंद्र पट्टी नगर व ग्रामीण के अलावा उडैयाडीह आसपुर देवसरा, हरीपुर बरदैता,सदहा,आमापुर, सैदाबाद,करैला, मंगरौरा, तथा ढखवा में कार्यरत विद्युत कर्मचारियों को सेप्टी किट वितरण किया। जिसमें, जैकेट,बूट, हेलमेट,टेस्टर,प्लास सहित अन्य सामग्री है। इसके अलावा उन्हें आई कार्ड भी दिया गया।इस मौके पर पट्टी विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ एसबी प्रसाद, अवर अभियंता जयराज राजपूत,शैलेश कुमार यादव के अलावा विद्युत कर्मी,रोहित सिंह,गंगा यादव,चंदन शर्मा,राम अभिलाष मौर्य, महेंद्र उपाध्याय, गोविंद पाल आदि मौजूद रहे।

# तीसरे दिन के लीग मैच में जामताली ने डाक्टर 11 को हराया

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** नगर के मेला ग्राउण्ड में चल रही चैम्पियन ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को तीन लीग मैच खेला गया। इस दौरान कंजा सराय गुलामी के आंनद शुक्ला ने खिलाडियों से परिचय करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

चैम्पिंयन ट्राफी में तीसरे दिन का पहला लीग मैच डाक्टर 11 व जामताली के बीच खेला गया। जिसमें जामताली के टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जामताली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में 70 रन बनाए। जिसके जवाब में डाक्टर 11 ने सौरभ विश्वास के 32 रनों की मदद से 71 रन बनकर यह मैच जीत लिया। दूसरा लीग मैच कुम्हिया व उतरास के बीच खेला गया। जिसमें उतरास की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में सुरेन्द्र के 92 रनों की मदद से 157 रन बनाए। जिसके जवाब में कुम्हिया की टीम 80 रन ही बना पाई और वह यह मैच हार गई। तीसरा लीग मैच आसपुर देवसरा व घोसियान 11 के बीच खेला गया। जिसमें आसपुर देवसरा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में 123 रन बनाए। जिसके जवाब में घोसियान 11 की टीम ने नीरज के 65 रनों की मदद से बेहद रोमांचक मैच में यह मैच जीत लिया। अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि अभी लीग मैच चार दिन और चलेगा। इस दौरान सनी जायसवाल, प्रियांशु, मोनू सनी, रवि जैन, गोलू सिंह, पंकज सिंह, गौरव श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## वांछित धराया, गया जेल

**प्रतापगढ़।** चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लीलापुर थाने के दरोगा गिरीशधर दुबे शुक्रवार की सुबह पुलिस बल के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिरी सूचना पर वांछित रामअधार वर्मा पुत्र नंदू वर्मा निवासी गोसांई का पुरवा दादू पूरन सिंह को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। एसओ अरूण कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित को जेल भेज दिया गया है।

## जमीनी रंजिश में मारपीट, महिला ने दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** जमीनी विवाद में महिला को मारपीट कर घायल कर दिया गया। महिला ने थाने पर शिकायत की है। जिले के बिरौती गांव निवासी खुशबू पत्नी आकाश तिवारी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि जमीनी विवाद को लेकर पड़ोसी उसके घर पर आकर गालियां दे रहे थे। उसने विरोध किया तो घर की महिलाएं पुरुष एक राय होकर उसे जमकर मारा पीटा। जिससे वह लहू लुहान हो गई। महिला पति के साथ घायल अवस्था में शुक्रवार को थाने पहुंची। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस घायल महिला का मेडिकल कराते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

# लालगंज में एसीजेएम कोर्ट के संचालन का आदेश निर्गत होने पर वकीलों में खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** स्थानीय सिविल न्यायालय में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट के संचालन को लेकर हाईकोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को यहां वकीलों में खुशी का माहौल दिखा। वहीं जानकारी होने पर बाजार समेत लालगंज अंचल में भी लोगों के चेहरे खिले दिखे। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर तथा दीवानी कैम्पस में एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर न्यायिक एक और सौगात को लेकर खुशी जतायी। लालगंज क्षेत्र में न्यायिक व्यवस्था के सुदृढ़ होने में अधिवक्ताओं तथा विभिन्न संगठनो के लोगों ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के भी लगातार मजबूत प्रयासों को सराहा। अधिवक्ताओं ने



राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी का लालगंज क्षेत्र के संसाधनविहीन तथा गरीब तबके के वादकारियों के लिए सुगम न्यायिक व्यवस्था की मजबूती के प्रयासो को लेकर आभार भी जताया। तहसील परिसर में संयुक्त अधिवक्ता संघ की हुई आम सभा में अधिवक्ताओ ने न्यायिक मिशन को मजबूत बनाने के लिए अधिकाधिक कामकाज को लेकर सामूहिक संकल्प भी जताया। अधिवक्ताओं द्वारा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर भी अपनी खुशी का इजहार किया। वही दीवानी परिसर में संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल की अगुवाई में भी वकीलों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर न्यायिक उपलब्धि को लेकर खुशी जतायी। बतादें हाईकोर्ट के हालिया आदेश के तहत अब लालगंज वाहय न्यायालय जूनियर डिवीजन में एसीजेएम कोर्ट का भी जल्द संचालन दिखेगा। इसके लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती का आदेश निर्गत हुआ है। अधिवक्ताओं की आम सभा में उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, महामंत्री सूर्यकांत निराला, अनिल त्रिपाठी, शहजाद अंसारी, संतोष पाण्डेय, देवी प्रसाद मिश्र, रमेश पाण्डेय, पवन पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र मिश्र, कमलेश तिवारी, टीपी यादव, केबी सिंह, रामकिंकर शुक्ल, शिवप्रसाद यादव, कालिका प्रसाद पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे।

# क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियो को समारोहपूर्वक सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। भागवत समग्र विकास समिति अझारा एवं तारा देवी एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल अझारा में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें तारा देवी क्रिकेट एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आधा दर्जन खिलाड़ियों को मेडल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि रामलोचन



त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र ने आयोजन समिति की ओर से खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका हौसला आफजाई किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक सुनीता मिश्रा ने किया। तारा देवी क्रिकेट एकेडमी के संस्थापक समाजसेवी एवं रिटायर्ड आईएएस रमेशचन्द्र मिश्र तथा गौरव मिश्र एवं रीमा मिश्रा ने कहा कि एकेडमी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को निशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण के साथ ही विशेष छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने किया। क्रिकेट एकेडमी के कोच नारायण मुकेश, हर्ष पाल एवं राज सोनकर ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूनम त्रिपाठी, तारा देवी इंस्टीटयूट एण्ड एजुकेशनल के प्राचार्य डॉ. राहुल सिंह, मौलवी फरजन्द अली कालेज ऑफ लॉ के प्राचार्य शारदा प्रसाद विश्वकर्मी आदि ने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## आधा दर्जन के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मारपीट, गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थानान्तर्गत कोड़रा मांदूपुर तेजगढ़ गांव की नीलम दुबे पत्नी बृजकिशोर दुबे ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पांच नवंबर को दोपहर में गांव के शिव नारायण की पत्नी अनीता तथा पुत्रियां रागिनी व शिवानी व सरिता पत्नी राकेश एवं पूजा पुत्री राकेश ने दरवाजे पर पहुंचकर उसके पति के साथ मारपीट किया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि इससे पूर्व सत्ताईस दिसंबर 2024 को सुबह भी आरोपी राकेश के पुत्र चंद्रप्रकाश, अनीता, सरिता ने दरवाजे पर आकर गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि जांच के बाद छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नाटक मंचन से छात्राओं ने महिला सुरक्षा की दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कुण्डा स्थित कृपालु महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिया प्राथमिक विद्यालय में चल रहे शिविर में छात्राओं ने शुक्रवार को महिला सुरक्षा पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

घरेलू हिंसा उन्मूलन जागरूकता अभियान चलाकर नुक्कड़ नाटक का मंचन कर ग्रामीणों को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, उत्पीड़न विशय पर जानकारी दी। स्वंय सेवी छात्राएं हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां, बैनर लेकर पूरे गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों को जागरूक किया। कोतवाली की महिला आरक्षी



सुप्रिया शुक्ला, अनुराधा सिंह, रश्मि ने छात्राओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड व किसी भी तरह के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने को प्रेरित किया। इस मौके पर प्राचार्य डा. अशोक नागर, कार्यक्रम अधिकारी डा. रेखा शुक्ला, डा. निभा रानी, रेखा सिंह, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक गिरीश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## शौच करने गये ड्राइवर का ई-रिक्शा चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** रानीगंज थाना क्षेत्र के दुर्गागंज गांव निवासी रूपचंद पुत्र रामपाल ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोपित किया है कि वह ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। बृहस्पतिवार की शाम लगभग 7 बजे वह जामताली से सवारी लेकर पट्टी हनुमान मंदिर पर उतार कर वापस अपने घर जा रहा था। अभी वह पट्टी रानीगंज मार्ग पर पूरेधना चौकी से 500 मीटर आगे पूरेधना गांव के जंगल के पास पहलवान वीर बाबा के मंदिर के समीप पहुंचा था कि उसे शौंच क्रिया की संका हुई। वह अपनी ई रिक्शा पहलवान वीर बाबा के मंदिर के पास खड़ी कर जंगल में शौच क्रिया करने चला गया। पीड़ित का आरोप है कि वह शौच क्रिया कर वापस आया तो वहा से ई रिक्शा गायब था। वह हैरान परेशान होकर काफी खोज-बीन किया। पर कहीं ई रिक्सा का पता नहीं चल सका। पीड़ित रूपचंद ने मामले के संबंध में पट्टी कोतवाली मे तहरीर देते हुए विधिक कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इस संबंध में कोतवाल आलोक कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि तहरीर मिली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## विधायक न विद्युतीकरण कार्य का किया निरीक्षक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक जीत लाल पटेल ने शुक्रवार को क्षेत्र में चल रहे विद्युतीकरण कायी का जायजा लिया। विधायक ने क्षेत्र के चमरूपुर शुक्लान, सिंधौर, शमसेरगंज में चल रहे विद्युतीकरण कायी को परखा। उन्होनें कार्यदायी संस्था से गुणवत्तापरक कार्य करने को लेकर सचेत भी किया। इस मौके पर निभय प्रताप यादव, तौकीर खान, सलमान, सुभाष जायसवाल, बाल मुकुन्द वर्मा, राबिन पटेल आदि मौजूद रहे।

## तमंचा संग वांछित धराया, भेजा गया जेल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान लूट के मुकदमें में वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने मे कामयाबी हासिल की है। कोतवाली के दरोगा राजेन्द्रराम व सुमित कुमार वर्मा पुलिसबल के साथ शुक्रवार को सुबह गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर राजेन्द्र नगर मोड़ के पास से एक वांछित को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ धर दबोचा। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित प्रदीप सिंह पुत्र धारा सिंह निवासी मादामई लालगंज के खिलाफ महेशगंज व लालगंज थानों में लूट समेत अन्य धाराओं मे दो मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

# सराहनीय व साहसपूर्ण कार्य के लिए किया सम्मानित



**अखंड भारत संदेश**

**बेलखरनाथ धाम।** साहसपूर्ण कार्य करने वाले पुलिस कमिर्यों को पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने थाना दिलीपपुर मुख्य आरक्षी हरिश्चन्द्र बिन्द तथा निदीष कुमार, फतनपुर के मु0आरक्षी राजेश यादव, संग्रामगढ़ से आरक्षी राम नरेश जाट संग्रामगढ़ से आरक्षी मनदीप सिंह को गैंगस्टर एक्ट के शातिर अभियुक्तों की त्वरित गिरफ्तारी करने के पर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार व एएसपी (पश्चिमी) संजय राय ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही इसी तरह आगे भी कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

# गोदाम से 50 बोरी गेहूं चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** पिकअप सवार अज्ञात चोरों ने गोदाम से 50 बोरी गेहूं चोरी कर लिया। मामले में पीडित ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव निवासी रवि कुमार जायसवाल गल्ला व्यवसायी है। वह तीरथ राज दुबे के कमरे को किराए पर लेकर गोदाम बना रखे हैं। गुरुवार की रात अज्ञात चोर पिकअप लेकर पहुंचे और गोदाम के पीछे लगे लोहे की ग्रिल काट कर कमरे के अंदर प्रवेश कर दरवाजे की कुंडी खोलकर गोदाम में रखे तकरीबन 50 बोरी गेहूं जिसकी कीमत 70 हजार के करीब है पिकअप पर लादकर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की शिकायत आसपुर देवसरा पुलिस से की है। इस संबंध थाना अध्यक्ष संतोष



सिंह ने बताया कि मामले में पीड़ित ने शिकायती पत्र दिया है। मामले की जांच कराई जा रही है। मामला सही पाए जाने पर अग्रिम कार्रवाई कीजाएगी।

## एक ही रात में तीन गुमटी का ताला तोड कर चोरी

### कंधई थाना क्षेत्र के रामपुर कांपा गांव का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**बेलखरनाथ धाम।** पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं।लगातार हो रही चोरियों से दुकानदारों व ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।कंधई थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी बृजलाल धुरिया,कांपा गांव के राम अभिलाष प्रजापति,राम लखन प्रजापति ने चाय पान की गुमटी खोल रखी है। गुरुवार की बीती रात एक अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर उसमें रखा हजारों रुपए नगदी व सामान तथा सिलेंडर चुरा ले गए। चोरों ने बगल सच्चे सिंह की बीज भण्डार की दुकान का शटर का ताला तोडकर चोरी का प्रयास किया गया लेकिन लोगों के जगने पर चोर भाग निकले। शुक्रवार सुबह पीड़ितों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस चौकी बिजहरा को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। इलाके में आएं दिन हो रही चोरियों से दहशत का माहौल बना है। पुलिस कार्रवाई न होने पर चोरों के हौसले बुलंद हैं।

# साथियों के साथ बारात गये युवक की गोली मारकर हत्या

## पुलिस ने दो नामजद समेत छः के खिलाफ किया रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के लालापुर गांव में बारात आये युवक को गुरुवार की रात तमंचे से गोली मार दी। गोली युवक के पेट में लगी। गंभीर हालत में इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

युवक के मौत की जानकारी पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन के तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद समेत छः आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। चरवा गांव निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र नत्थूलाल के मुताबिक गुरुवार की रात लगभग आठ बजे गांव के ही सिराज पुत्र शबी अख्तर अपने साथी एयरपोर्ट कोतवाली के भगवतपुर गांव निवासी अनिल दुबे के साथ घर पहुंचा और उसके छोटे भाई सुनकर कुमार उम्र 20 वर्ष को कादिलपुर गांव बर्थडे में शामिल होने के लिए कहकर घर से बुला ले गया। रात करीब साढे. दस बजे सिराज ने फोनकर बताया कि पिपरी कोतवाली के लालापुर गांव के निमंत्रण में उसके भाई सुनील को किसी ने गोली मार दी। है। गंभीर हालत में वह सभी उसे चारपहिया वाहन के इलाज के लिये प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल लेकर आ रहे हैं। भाई वीरेंद्र अपनी बाइक लेकर कादिलपुर पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा और कार में बैठ कर घायल को एसआरएफ अस्पताल लेकर पहुंचा। थोड़ी देर में इलाज के दौरान डाक्टरों ने बताया कि सुनील की मौत हो कई है। युवक की मौत की जानकारी पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। भाई वीरेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने सिराज, अनिल समेत चार अज्ञात युवकों के खिलाफ हत्या समेत एससी एसटी का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। इस संबंध में सीओ सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच की जा रही है।



## युवती के साथ युवक ने की छेड़छाड़, शिकायत

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में वृहस्पतिवार की रात घर के बाहर कचरा फेंकने गई एक युवती को पड़ोस के ही एक युवक ने खींचकर उसके साथ छेड़छाड़ किया।शोर मचाने पर पहुंची युवती की मां ने बेटी को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। पीड़िता ने घटना की शिकायत स्थानीय थाने में किया है।करारी इलाके के एक गांव की एक युवती ने बताया कि वह ईंट भट्ठे में मजदूरी करती है। वृहस्पतिवार की रात करीब नौ बजे वह मजदूरी कर घर आई थी। इसके बाद करीब दस बजे वह घर का कचरा फेंकने बाहर गई थी।आरोप है कि इस दौरान मोहल्ले का एक युवक आया और सुनसान गली में युवती को खींच ले गया। इसके बाद युवक युवती के अश्लील हरकत करने लगा। युवती के शोर मचाने पर उसकी मां भी मौके पर पहुंच गई। यह देख आरोपी ने युवती को छोड़ दिया और युवती को जबरन रखने व पत्नी बनाने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता के परिजन जब युवक के घर उलाहना देने पहुंचे तो उसके परिजनों ने गाली गलौच किया किया और शिकायत करने कर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज झरोखा

### महेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव को डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत महेश्वरी प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज आलमचंद के प्रधानाचार्य जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव को जिला अधिकारी कौशांबी द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव के द्वारा किए गए अमूल्य योगदान की जिला विद्यालय निरीक्षक ने भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी प्रधानाचार्य जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र मिलने की जानकारी मिलने के बाद महेश्वरी प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज के समस्त अध्यापको ने उनकी भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया

### भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती पर समारोह आयोजित



**कौशांबी** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती पर मंझनपुर मुख्यालय के नहर रोड़ में भव्य समारोह का आयोजन हुआ समारोह में सेन, शर्मा, सविता समाज के लोगो ने पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर के योगदान और उनके संघर्ष को याद किया कपूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन, कार्यों और समाज के प्रति उनके योगदान पर चर्चा की कपूरी ठाकुर के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और उनके विचारों को जीवित रखने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के बाद मंझनपुर स्थित वृद्धाश्रम में फल और मिष्ठान वितरित किया सपा कार्यालय में भी कार्यक्रम हुआ।समारोह में सतीश सेन, रवि सेन, दिलीप सेन, डॉ. वीरेंद्र सेन, महेंद्र सेन नितेश सेन, राहुल सेन, दीपक सेन, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### संदीपन घाट थाना प्रभारी ने मूरतगंज बाजार में हमराहियों के साथ किया पैदल गस्त



**हर्रायपुर कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना के मूरतगंज बाजार में संदीपन घाट थाना प्रभारी विजेंद्र कुमार सिंह व मूरतगंज चौकी प्रभारी अनुराग सिंह ने शुक्रवार को मूरतगंज बजार में पैदल गस्त कर वाहन चेकिंग की पैदल गस्त के दौरान संदीपन घाट थाना प्रभारी ने लोगों को कानून का पाठ पढ़ाया सड़कों पर वाहन ना खड़ा करने की हिदायत दी उन्होंने व्यापारियों से कहा कि वह अपने दुकानों को निर्धारित स्थान पर लगाए वाहन चालकों से उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल पर ही वह वाहन को खड़ा करके सवारी भरे जिससे सड़क पर जाम ना लगे इस दौरान पुलिस के कई जवान मौजूद रहे

### दो बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना के चौराहे समीप बाइक से बाइक में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम उलाचीपुर व ग्राम कोखराज के दोनों बाइक चालक शुक्रवार को आपस में टकरा गए हैं जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े हैं और घायल हो गए हैं मौके पर थाना कोखराज पुलिस ने पहुंचकर घायलों को एम्बुलेंस 108 के द्वारा आसपास के लोगों की मदद से नजदीकी मूरतगंज सरकारी अस्पताल में भेज दिया और थाना पुलिस दोनों बाइक को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है

### आपस में भिड़े.चाचा- भतीजा, दोनों घायल

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा चायल के डीहा वार्ड में शुक्रवार शाम चाता और भतीजा आपस में भिड़ गए। मारपीट में दोनों को चोटें आईं। डीसा वार्ड निवासी शनि के मुताबिक शुक्रवार की शाम उसका चाचा सुपास घर के सामने मवेशी बांधने के लिए खूंटा गाड़ रहा था।मना करने पर चाचा उसके साथ गाली गलौज करने लगोआरोप है कि विरोध करने पर वह झगड़े पर आमादा हो गया। थोड़ी देर बाद दोनों आपस में डंडे से एक दूसरे पर प्रहार करने लगे। शनि के सिर पर डंडा लगने से वह लहूलुहान हो गया जबकि उसके चाचा को भी चोटें आई है।लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। परिजनों ने दोनों को इलाज के लिए पीएचसी चायल में भर्ती कराया है।

# रंजिश को लेकर दो पक्षों में चली लाठी डंडे व फावड़ा दर्जनों घायल

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिहोरी गांव में शुक्रवार की सुबह लगभग 9 बजे दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हुई जिसमें लाठी डंडा व फावडे से हमला किया गया इस हमले में दर्जनों लोग घायल हो गए मामले की सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना कोखराज के सिहोरी गांव के रहने वाले अनवार खान पुत्र अबरार ने गांव के ही सफाना पुत्री अच्छे से सन 2013 में प्रेम विवाह कर लिया था जिसको लेकर वह झांसी में रह रहे थे बीते चार दिन पहले अनवार खान अपने घर आया जिसको लेकर सफाना के घर वालो से कहासुनी होने के बाद जमकर मारपीट होने लगी जिससे दोनों पक्ष के लोग दर्जनों लोग घायल हो गए इस हमले में मो. युसूफ अरफान मसरूम पुत्रगण अच्छे व अच्छे पुत्र मोइन व दूसरे पक्ष के सऐसाम खान फैजान खान रिजवान अनवार खान पुत्रगण अबरार खान व रुवेदा बीवी पत्नी अबरार खान व रुबीना पत्नी फैजान घायल हो गए हैं। हमले के दौरान तमाम लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया दोनों पक्ष के लोगों ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।



# सॉलिटेयर वैली के पूल में उतराता मिला अज्ञात अधेड़ का शव

अखंड भारत संदेश

**एयरपोर्ट क्षेत्र के जलालप घोसी के समीप की घटना**



**कौशांबी।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्रों के जलालपुर घोसी गांव के समीप सॉलिटेयर वैली कालोनी के बाहर बने पूल में शुक्रवार की सुबह एक अधेड़ का शव उतराता हुआ मिला। शव मिलने की जानकारी के बाद लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश की पहचान कराने का प्रयास किया। शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। जलालपुर घोसी गांव के समीप स्थित ससुर खदेरी नदी के पुल के पास सॉलिटेयर वैली कालोनी की गेट के समीप डेकोरेशन के लिए एक पूल में फौवरा बनाया गया है। जिसमें पानी भरा है। सुबह गेट पर तैनात गार्ड ने पानी भरे पूल में एक 50 वर्षीय अधेड़ की लाश देखा तो उसके होश उड़ गए। उसने इसकी जानकारी अन्य लोगों को दी। जिसके बाद कालोनी और स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक लाश हरे रंग की शर्ट, लाल और काले रंग की जैकेट, नीला जींस पहने हुआ था। एक पैर में चप्पल थी। लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू किया। कालोनी के जीएम अभिनव वाजपेई ने बताया कि कालोनी में कुल 300 के करीब लोग रहते हैं। सुरक्षा में दिन और रात्रि को पांच - पांच गार्ड लगाए जाते हैं। जिसमें से दो कालोनी के अंदर एक गेट की इंट्री जबकि दो गार्ड रनिंग पर रहते हैं। गेट के बाहर लाइट धीमी रहती है । कैमरा भी बाहर की तरफ नहीं लगा है । जिसके चलते गार्ड को अधेड़ के पानी भरे पूल में कैसे पहुंचा इसकी जानकारी नहीं है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह का कहना है कि लाश के पास कोई परिचय पत्र नहीं मिले। कहीं चोट के निशान भी नहीं है। जिसके चलते प्रथम दृष्टया पूल में गिरने से मौत हुई है। लिहाजा शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि पहचान नहीं होती तो नियमित कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उसके बाद रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी कार्यों को छोड़ पुण्य लाभ अर्जित करने में लगे अधिकारी व्यवस्था हुई तार-तार

### अतिरिक्त ड्यूटी प्रयागराज के महाकुंभ में अधिकारियों की लगने के बाद क्या मूल पद पर समाप्त हो गई जवाब देही

**कौशांबी।** प्रयागराज के महाकुंभ में पुण्य लाभ अर्जित करने के लिए अधिकारियों में होड़ लग गई है और अधिकारी अपनी ड्यूटी छोड़कर संगम स्नान कर अधिक से अधिक पुण्य लाभ अर्जित कर लेना चाहते हैं जिला सूचना अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियो और डॉक्टरों की ड्यूटी महाकुंभ में लग गई है जिससे कौशांबी की पूरी व्यवस्था तार तार होती दिखाई पड़ रही है महाकुंभ पहुंचकर अधिकारी अपने पूरे पाप को धूल देना चाहते हैं लेकिन ऐसा संभव दिखाई नहीं पड़ रहा है अधिकारियों के इस कारनामे के चलते पूरी सरकारी व्यवस्था चौपट हो गई है लेकिन इस और किसी अधिकारी नेता का ध्यान नहीं जा रहा है आम जनता से लेकर फरियादी तक परेशान है जिस कार्यालय की ओर देखो उस कार्यालय के अधिकारी की ड्यूटी प्रयागराज के महाकुंभ में लग गई है अब सवाल उठता है कि अतिरिक्त ड्यूटी प्रयागराज के महाकुंभ में अधिकारियों के लगने के बाद क्या मूल पद पर उनके जवाब देही समाप्त हो गई है आम जनता सरकारी योजनाओं के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रही है लेकिन कार्यालय के कर्मचारी द्वारा बताया जा रहा है कि साहब की ड्यूटी तो कुंभ मेला क्षेत्र में लग गयी है इसलिए साहब से मुलाकात नहीं होगी सवाल उठता है कि कुंभ मेला में ड्यूटी लगाए जाने के बाद कौशांबी की सरकारी व्यवस्थाएं कैसे संचालित होगी जिन अधिकारियों की ड्यूटी महाकुंभ में प्रयागराज में लगाई गई है उनके पद के कार्यों का अब संपादन कैसे होगा लेकिन अधिकारियों को इन बातों से कोई लेना-देना नहीं है और वह तो प्रयागराज के महाकुंभ क्षेत्र में ड्यूटी के बहाने प्रतिदिन संगम स्नान करके पुण्य लाभ अर्जित करने में लगे हैं इतना ही नहीं प्रयागराज के कुंभ क्षेत्र में ड्यूटी लगाए जाने के बाद पूरे दिन वह साधु संतों के पंडाल में प्रवचन भजन सुनकर अब बड़े ही धर्मात्मा बनने का प्रयास कर रहे हैं जबकि जगह-जगह पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है और कमीशन में पूरी तरह से लिप्त होने के बाद भी अब यह इस तरह से आचरण कर रहे हैं कि इनसे बड़ा धर्मात्मा पुरुष इस धरती पर नहीं दिखाई पड़ रहा है भ्रष्टाचार के अपने पाप को वह महाकुंभ में स्नान का मुक्ति पाना चाहते हैं लेकिन क्या उनके इस ढकोसले को देख कर उनके पाप से उन्हें क्षमा मिल पाएंगी।

### कुंभ स्नान के लिए भोपाल मध्य प्रदेश से निकले श्रद्धालु की बिगड़ी हालत, भोपाल से 28 दिनों की पदयात्रा के बाद पहुंचे सराय अकिल

**कौशांबी।** भोपाल मध्य प्रदेश के श्रद्धालु 28 दिन पहले कुंभ मेला स्नान के लिए पैदल निकले थे श्रद्धालुओं का काफिला सराय अकिल पहुंचा जहां एक श्रद्धालु की तबीयत खराब होने पर उसे निजी अस्पताल में दिखाया गया दवा लेकर प्रयागराज के लिए फिर श्रद्धालु रवाना हो गए हैं बता दे कि भोपाल मध्य प्रदेश से महाकुंभ स्नान करने के लिए दर्जनों से ज्यादा श्रद्धालु पैदल पदयात्रा करके आज शुक्रवार को सराय अकिल पहुंचे, जहाँ एक श्रद्धालु की तबीयत खराब होने पर करन चौराहा स्थित निजी अस्पताल में उसे दिखाया गया तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने दवा लेकर पैदल पदयात्रा पर प्रयागराज के लिए निकले ,श्रद्धालुओं ने बताया , कि पिछले कई दिनों से हम लोग पैदल भोपाल मध्य प्रदेश से महाकुंभ प्रयागराज के लिए निकले हैं जो आज 28 दिन में सराय अकिल कस्बे मे पहुंचे, साथ ही साथ श्रद्धालुओं ने बताया कि हम लोगों के साथ एक पालतू बेजुबान जानवर उनके साथ निकाला, जो आज शुक्रवार को प्रयागराज के लिए रवाना हुआ है।

## बोर्ड परीक्षा 2025: डॉ. प्रभु शंकर शुक्ल की सलाह से प्राप्त करें अच्छे अंक

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट 2025 की बोर्ड परीक्षाएं 24 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही हैं। पी.पी.एस. ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टिट्यूट के मैनेजमेंट डायरेक्टर एवं पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज (गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज) के प्रबंधक निदेशक डॉ. प्रभु शंकर शुक्ला ने छात्रों को परीक्षा की तैयारी के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। डॉ. शुक्ला ने कहा कि छात्रों को घबराहट और तनाव से बचना चाहिए। उन्हें अपने एक वर्ष के अध्ययन को विशेष रणनीति के साथ दोहराना चाहिए। विगत वर्षों के प्रश्न-पत्र और मॉडल पेपर को हल करने से छात्रों को परीक्षा के पेपर को समझने और हल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने छात्रों को विभिन्न विषयों में विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हिंदी में निबंध पत्र, खंडकाव्य, व्याख्या, संस्कृत भाग पर अधिक जोर देना चाहिए। विज्ञान में न्यूमेरिकल और चित्रों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सामाजिक विज्ञान, भूगोल, इतिहास में मानचित्र का अभ्यास करना चाहिए। डॉ. शुक्ला ने छात्रों को समय सारणी बनाकर प्रश्नों के उत्तर लिखने का अभ्यास करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा में प्रश्नों को कम से कम दो बार पढ़कर समझकर उत्तर लिखना चाहिए। लेखन शैली सरल, साहित्यिक, क्रमबद्ध, त्रुटिरहित और आकर्षक होनी चाहिए।उन्होंने छात्रों को अपने अध्यापकों से या पुस्तकों से अपने उत्तरों की जांच करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों की सोचने समझने की शक्ति का विकास होगा।डॉ. शुक्ला ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की मनोकामना की।

## करारी सीएचसी के डॉक्टरों ने मरीजों को वितरित किया पोषण पोटली

**कौशाम्बी।** करारी कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों की टीम ने शुक्रवार को मरीजों को पोषण पोटली वितरित किया। जिसे पाकर मरीजों के चेहरे खिल उठे। जिला अधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करारी के डॉक्टरों ने क्षय रोगियों को उनके घर जाकर पोषण युक्त आहार की पोटली वितरित किया गया। इसके साथ ही डॉक्टरों ने रोगियों व उनके परिजनों से स्वास्थ्य विभाग से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ मो० आदिल, टीबीएलटी शकील अहमद, संतोष कुमार, जगदीश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# किसी को भी उसकी इच्छा के खिलाफ काम करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता : पूर्णिमा प्रांजल

### शोषण के विरुद्ध अधिकारों व डीएलएसए द्वारा प्रदत्त सेवाएं विषय पर साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्त्वावधान में डी. एन. इंटर कॉलेज ओसा मंझनपुर में शोषण के विरुद्ध अधिकार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त सेवाएं विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अपर जिला जज सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राष्ट्रीय पूर्णिमा प्रांजल ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कहा राष्ट्रीय बालिका दिवस लड़कियों के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण दिन है। यह हमें याद दिलाता है कि समाज में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने और लड़कियों को समान अवसर देने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए। इस दिवस की शुरूआत भारत सरकार ने 2008 में की। इसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया। बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य लड़कियों के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करना और उन्हें समान अवसर प्रदान करना है। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 24 जनवरी 1966 को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के अवसर पर यह दिवस मनाया जाता है। साल 2024 बालिका दिवस की थीम ₹भविष्य के लिए लड़कियों का दृष्टिकोण था। वहीं राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम है, सुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों का सशक्तीकरण है। मुख्य अतिथि ने शोषण के विरुद्ध अधिकारों के बारे में बताते हुए कहा कि शोषण के विरुद्ध अधिकारों के बारे में जानने से पहले शोषण क्या है यह जानना जरूरी है। शोषण शब्द का अर्थ किसी चीज का गलत या अनुचित तरीके से उपयोग करना, किसी व्यक्ति के श्रम का लाभ उठाने के लिए उसके साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार करने के कार्य आदि है। इस अधिकार का उद्देश्य, लोगों को गुलामी, भिक्षावृत्ति, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी आदि जैसी प्रथाओं से बचाना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित को क्षतिपूर्ति योजना, आपदा ग्रस्त लोगों की मदद आदि से संबंधित प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती शिल्पी सिंह, शिक्षक-शिक्षिकाएं, शशि त्रिपाठी,पीएलवी अनन्त प्रताप सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र मौजूद रहे।

# धर्म विशेष के लोगों ने किया सरकारी तालाब पर कब्जा, तनाव

**मामले में विहिप एसडीएम चायल आमने-सामने, प्रशासन ने तैनात किया पीएसी, मामला चायल तहसील क्षेत्र के मलाक भारत और घोसिया का**



**तिल्हापुर कौशाम्बी।** सरकारी तालाब में अवैध रूप से बनाए जा रहे मजार को लेकर विश्व हिंदू परिषद और चायल तहसील एसडीएम आमने सामने आ गए। जहां विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष इस मजार के निर्माण का विरोध कर रहे थे वहीं दूसरी ओर एसडीम गांव में धार्मिक सौहार्द की दुहाई देकर मुस्लिम समाज के इस मजार के निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कर रहे थे। देखते ही देखते मामले में दोनों पक्ष में कहा सुनी शुरू हो गई। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने मामले में हंगामा काटना शुरू कर दिया। धार्मिक तनाव को देखते हुए प्रशासन ने गांव में भारी संख्या में पीएसी तैनात कर दी है। वहीं दूसरी ओर विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष ने एसडीएम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए तहसील क्षेत्र के कई गांव में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा हिंदू धार्मिक स्थलों पर अवैध कब्जे में उप जिला अधिकारी की संलिप्तता का आरोप लगाया। कहा सुनी का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। चायल तहसील के मलाक भारत थाना चरवा और घोसिया थाना सराय अकिल में धर्म विशेष के लोगों के द्वारा अवैध कब्जे के खिलाफ बातचीत के दौरान उप जिला अधिकारी चायल और विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष के बीच तीखी बहस हुई। इन मामले में विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने उप जिला अधिकारी पर मुस्लिम धर्म के लोगों से मिली भगत कर सरकारी जमीनों पर कब्जा करवाने का आरोप लगाया। आरोप है कि तहसील क्षेत्र के मालक भारत गांव में सरकारी तालाब गाटा संख्या 964,965 आरक्षित क्षेत्र पर मुस्लिम समुदाय के द्वारा उप जिला अधिकारी योगेश गौड़ के सहयोग से इन जमीनों पर अवैध रूप से कब्रिस्तान बनाया है। गांव के प्रधान और ब्लॉक के लोग इस तालाब को खुदवान चाहते हैं जबकि उप जिलाधिकारी द्वारा व्यक्तिगत रूप से इस तालाब को खोदे जाने पर अड़ंगा लगाया जा रहा है। दूसरा मामला सराय अकिल कस्बे के नजदीक स्थित घोसिया गांव का है जहां पर 80 प्रतिशत से ज्यादा आबादी मुस्लिम है वहां पर 1320 फसली में दर्ज मां काली के मंदिर दर्ज है पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। मामले में पीड़ितों को उप जिला अधिकारी द्वारा डांट कर भगा दिया गया है और मुस्लिम समाज के लोगों को कब्जा कराया जा रहा है। मलाक भारत के इस मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद के लोग चरवा थाना पहुंचे थे जहां पर उप जिला अधिकारी भी पहुंचे थे दोनों पक्षों में बातचीत हो रही थी आरोप प्रत्यारोप के दौरान दोनों पक्षों में कहां सुनी हुई। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने थाने में जमकर हंगामा काटा काफी समझाने बुझाने के बाद कार्यकर्ता शांत हुए। विश्व हिंदू परिषद ने इन सभी मामले में उप जिला अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए तहसील क्षेत्र से हटाए जाने की मांग की है। इस मौके पर संगठन की जिला अध्यक्ष ने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर उप जिलाधिकारी चायल योगेश गौड को हटाया नहीं गया तो विश्व हिंदू परिषद जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## सम्पादकीय

# दोषी को सजा और समाज की जिम्मेदारी


**प.बंगाल** में आरजी कर अस्पताल में 8-9 अगस्त 2024 की रात ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के दोषी संजय रॉय को सोमवार को सियालदह कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। इससे दो दिन पहले अदालत ने 18 जनवरी को संजय को दोषी ठहराया था। अदालत ने इस मामले को जघन्य तो माना, लेकिन दुर्लभतम यानी रेयरेस्ट ऑफ द रेयर नहीं माना, इसलिए दोषी को मृत्युदंड न देकर मरने तक उम्रकैद दी गई है। हालांकि प.बंगाल सरकार ने अब कलकत्ता हाईकोर्ट में उम्रकैद को सही नहीं मानते हुए दोषी को फांसी देने के लिए याचिका दायर की है, जो मंजूर तो कर ली गई है, लेकिन इस पर सुनवाई कब होगी, यह अभी तय नहीं है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- मुझे पूरा विश्वास है कि यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला है, जिसके लिए मौत की सजा मिलनी चाहिए।

कोर्ट यह कैसे कह सकता है कि यह दुर्लभतम मामला नहीं है? वहीं भाजपा ने भी इस मामले में उम्रकैद मिलने पर अपनी नाराजगी जताई और इसके लिए ममता सरकार को कटघरे में खड़ा किया। जबकि भाजपा यह जानती है कि मामले की पूरी जांच सीबीआई की निगरानी में हुई और उसके द्वारा पेश तथ्यों और सबूतों के आधार पर ही दोषी को सजा दी गई है। अगर भाजपा को आपत्ति दर्ज करनी ही है तो उसे फिर सीबीआई पर भी सवाल उठाने चाहिए। लेकिन ऐसा लगता है कि यहां न्याय से अधिक राजनीतिक लाभ लेने का खेल चल रहा है। वैसे पीड़िता के परिजन भी इस फैसले से निराश हैं और उन्होंने भी बड़ी अदालत में याचिका दायर करने का फैसला किया है।

सियालदह अदालत ने दोषी को सजा के साथ-साथ पीड़िता के परिवार को मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। अदालत ने डॉक्टर की मौत के लिए 10 लाख और बलात्कार के लिए 7 लाख मुआवजा तय किया। इस दौरान कोर्ट में मौजूद ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता ने हाथ जोड़कर कहा कि हमें मुआवजा नहीं, न्याय चाहिए। इस पर जज ने कहा- मैंने कानून के मुताबिक यह मुआवजा तय किया है। आप इसका इस्तेमाल चाहे जैसे कर सकते हैं। इस रकम को अपनी बेटी के बलात्कार और हत्या के मुआवजे के तौर पर मत देखिए।

बात सही है कि इस जघन्य अपराध का कोई मुआवजा तय ही नहीं हो सकता, फिर भी अदालत ने कानून के दायरे में जो उचित था, वैसा फैसला सुनाया। पीड़िता के माता-पिता ने यह दावा भी किया है कि जांच ठीक से नहीं हुई है। कई लोगों को बचाया गया है। इस बारे में अदालत ने भी पुलिस और अस्पताल के रवैये की आलोचना की है। अस्पताल की तरफ से घटना की जानकारी देने में देर की गई और उसके बाद पुलिस ने केस दाखिल करने में देर की। दो पुलिसकर्मियों के बयान के आधार पर अदालत ने टिप्पणी की, 'इस बात में कोई शक नहीं कि अधिकारियों द्वारा ये कोशिश की जा रही थी कि इस मौत को आत्महत्या दिखाया जाए ताकि अस्पताल पर कोई बुरा असर न पड़े। जज ने अपने फैसले में कहा, चूंकि जूनियर डॉक्टरों ने विरोध करना शुरू कर दिया था, इसलिए ये 'गैर कानूनी सपना' पूरा नहीं हो पाया।

# सुभाषचन्द्र बोस: आजादी की सबसे उजली उम्मीद बने



-ललित गर्ग-

**खून** के बदले आजादी देने का वादा करने वाले भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के करिश्माई नेता, महान स्वतंत्रता सेनानी और विलक्षण एवं साहसी व्यक्तित्व के धनी नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम भारतीय इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा है। उनका त्याग, उनका बलिदान, उनकी साहसिकता, उनकी राष्ट्रीयता सर्वोपरि रहने के बावजूद उन्हें आजादी के बाद यथोचित सम्मान नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण एवं दुराग्रह का प्रतीक बनी रही, लेकिन लम्बे इंतजार के बाद अच्छी बात हुई है कि आजादी आंदोलन के महानायक एवं कर्मयोद्धा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को नरेन्द्र मोदी सरकार ने ह्यराष्ट्रीय पराक्रम दिवसह्ल के रूप में मनाने की घोषणा करके देश के असंख्य लोगों की भावनाओं का सम्मान किया है। वास्तव में हमारी आजादी हमारे ऐसे ही वीरों के पराक्रम, शौर्य, समर्पण और साहस से मिली थी। यह सही है कि स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी का योगदान महत्वपूर्ण था, परंतु नेताजी के योगदान को कमतर आंकना या उनके योगदान का विस्मृत करना, किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं कहा जा सकता। भारत के स्वाधीनता संग्राम में आजाद हिंद फौज एवं नेताजी का सर्वाधिक योगदान रहा है, उनके योगदान की अमर कहानी अभी लिखी जानी शेष है और इसकी शुभ शुरूआत हो गयी है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस आजादी की सबसे उजली उम्मीद बनकर उभरे थे। उन्होंने अपने शौर्य एवं पराक्रम से भारत को आजादी दिलाई एवं उन्होंने जिस अमृत को अपने संघर्ष से बटोरो एवं सुरक्षित भारत की भावी पीढ़ियों के लिए रखा था, वह तो राजनीतिक स्वार्थों की भेंट चढ़ गया। उस अमृत पर तो कोरी राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेकी गयी, अपने-अपने स्वार्थ सिद्ध किये गये, देश को भूला दिया गया, नेताजी के योगदान को भूला दिया गया। यही कारण है कि 78 वर्षों के कालखण्ड में राष्ट्र मजबूत होने की बजाय दिन-ब-दिन कमजोर होता गया। नेताजी भारत के लिये करिश्में का एक ऐसा नाम था, जिन्होंने आजाद हिन्द सरकार के माध्यम से एक ऐसा भारत बनाने का वादा किया था, जिसमें सभी के पास समान अधिकार हों, सभी के पास समान अवसर हों। जो अपनी प्राचीन परम्पराओं से प्रेरणा लेगा और गौरवपूर्ण बनाने वाले सुखी, समृद्ध एवं सशक्त भारत का निर्माण करेगा। यह करोड़ों भारतीयों का सपना था, किंतु सुभाष बाबू से भय खाने वाले अंग्रेजों और बाद में उसी लीक पर चलकर सत्ता और परिवारवाद को मजबूत करने वाले राजनीतिक दलों एवं सत्ताधारियों ने उस महानायक के योगदान एवं सपनों को कुचलने का षड़यंत्रपूर्वक प्रयत्न किया। जब वर्ष 2018 को आजाद हिन्द सरकार के 75वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से तिरंगा फहराया तो देश को मानो उसका बिसराया प्यार, स्वतंत्रता संग्राम की अनूठी स्मृतियों की जीवंतता से देश को वास्तविक रूप में आजादी का स्वाद चगने का अवसर मिल गया है।

सुभाष चन्द्र बोस के लिये असंभव कुछ नहीं था, वे भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। आपका जन्म 23 जनवरी 1897 को को ओड़िशा के कटक शहर में हिन्दू कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम जानकीनाथ बोस और माँ का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। पहले वे सरकारी वकील थे मगर बाद में उन्होंने निजी प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 सन्तानें थी जिसमें 6 बेटियाँ और 8 बेटे थे। सुभाष उनकी नौवीं सन्तान और पाँचवें बेटे थे। अपने सभी भाइयों में से सुभाष को सबसे अधिक लगाव शरद चन्द्र से था।

सुभाषचन्द्र बोस आजीवन भारतीय स्वाधीनता संघर्ष के लिये युद्ध तथा सैन्य संगठन में रत रहते हुए भारत को आजादी दिलाने के प्रभावी एवं सार्थक प्रयत्न किये। सुभाष बाबू के जीवन पर स्वामी विवेकानंद, उनके गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस तथा महर्षि अरविंद के गहन दर्शन और उच्च भावना का प्रभाव था। युवा सुभाष ने 16 जुलाई 1921 को बम्बई में महात्मा गांधी से मिलने के बाद सम्पूर्ण देश में अंग्रेजों के खिलाफ चल रहे असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया। उस समय देश में गांधीजी के नेतृत्व में असहयोग की लहर थी तथा अंग्रेजी वस्त्रों का बहिष्कार, विधानसभा, अदालतों एवं शिक्षा संस्थाओं का बहिष्कार भी इसमें शामिल था। इस बारे में बहुत कम लोग जानते हैं कि जर्मन के तानाशाह अडोल्फ हिटलर ने ही सुभाष चंद्र बोस को सबसे पहली बार ह्यनेताजीह्ल कहकर बुलाया था। नेताजी के साथ ही सुषाभ चंद्र बोस को देश नायक भी कहा जाता है। कहा जात है कि देश नायक की उपाधि सुभाष चंद्र बोस को रवीन्द्रनाथ टैगोर से मिली थी। ह्यनेताजीह्ल हर कीमत पर मां भारती को आजादी की बेड़ियों से मुक्त कराने को आतुर देश के उग्र विचारधारा वाले युवा वर्ग का चेहरा माने जाते थे। महात्मा गांधी को सुभाष चंद्र बोस ने ही ह्यराष्ट्रपिताह्ल कह कर संबोधित किया था। उन्हें 1921 से 1941 के बीच में 11 बार देश के अलग-अलग जेल में कैद किया गया।

सुभाषचन्द्र बोस के जीवन की कहानी अधिक रोमांचकारी एवं अद्भुत रही है, लौह-संकल्पों एवं हौसल्लों से उन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिये, जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। ह्यतुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूँगाह्ल का नारा देकर उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ हुंकार भरी।

आजाद हिन्द सरकार ने वादा किया था ह्यबांटो और राज करोह्ल की उस नीति को जड़ से उखाड़ फेंकने का, जिसकी वजह से भारत सदियों तक गुलाम रहा था। इसके लिये नेताजी ने 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हाल के सामने ह्यसुप्रीम कमाण्डरह्ल के रूप में आजाद हिंद फौज की सेना को सम्बोधित करते हुए ह्यदिल्ली चलो !ह्ल का नारा दिया और जापानी सेना के साथ मिलकर ब्रिटिश व कामनवेल्थ सेना से बर्मा सहित इंफाल और कोहिमा में एक साथ जमकर मोर्चा लिया। आजाद हिन्द फौज को छोड़कर विश्व-इतिहास में ऐसा कोई भी दृष्टांत या उदाहरण नहीं मिलता जहाँ तीस-पैंतीस हजार युद्धबन्दियों ने संगठित होकर अपने देश की आजादी के लिए ऐसा प्रबल संघर्ष छेड़ा हो।

21 अक्टूबर 1943 को सुभाषचन्द्र बोस ने आजाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार बनायी जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड सहित 11 देशो की सरकारों ने मान्यता दी थी। जापान ने अंडमान व निकोबार द्वीप इस अस्थायी सरकार को दे दिये। नेताजी उन द्वीपों में गये और उनका नया नामकरण किया। 1944 को आजाद हिंद फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया। कोहिमा का युद्ध 4 अप्रैल 1944 से 22 जून 1944 तक लड़ा गया एक भयंकर युद्ध था। इस युद्ध में जापानी सेना को पीछे हटना पड़ा था और यही एक महत्वपूर्ण मोड़ सिद्ध हुआ। 6 जुलाई 1944 को उन्होंने रंगून रेडियो स्टेशन से महात्मा गांधी के नाम एक प्रसारण जारी किया जिसमें उन्होंने इस निर्णायक युद्ध में विजय के लिये उनका आशीर्वाद और शुभकामनाएँ माँगीं।

नेताजी की मृत्यु को लेकर आज भी विवाद है। जापान में प्रतिवर्ष 18 अगस्त को उनका शहीद दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। सुभाषचन्द्र बोस की 128वीं जन्म जयन्ती मनाते हुए भारत को भारतीयता की नजर से देखना और समझना जरूरी है।

ये आज जब हम देश की स्थिति देखते हैं तो और स्पष्ट रूप से समझ पाते हैं कि स्वतंत्र भारत के बाद के दशकों में अगर देश को सुभाष बाबू, सरदार पटेल जैसे व्यक्तित्वों का मार्गदर्शन मिला होता, भारत को देखने के लिए विदेशी चश्मा नहीं होता तो स्थितियां बहुत भिन्न होतीं एवं सशक्त भारत का निर्माण होता।




- सर्वमित्रा सुरजन

**महाकुंभ** के भव्य आयोजन के लिए करोड़ों-अरबों रूपयों का खर्च, वीआईपी सुविधा का ख्याल, विदेशी आंगतुकों को देखकर उपजा कौतुहल, नामी-गिरामी हस्तियों का महाकुंभ में आना, ऐसी खबरों को देखकर लगता है कि धर्म और आध्यात्म पर आखिर में सांसारिकता ही भारी पड़ रही है।

विश्वविख्यात चित्रकार लियोनार्दो द विंसी ने 16वीं सदी में एक तस्वीर बनाई थी, जो मोनालिसा के नाम से पूरी दुनिया में चर्चित हो गई। तस्वीर में चित्रित नारी के चेहरे की रहस्यमयी मुस्कान आज भी लोगों को सम्मोहित करती है। मोनालिसा की पेंटिंग पर जितने शोध हुए, शायद ही किसी अन्य पेंटिंग पर हुए होंगे। इस पेंटिंग में जो नारी दिख रही है, क्या उसका असली नाम मोनालिसा ही है या कुछ और है। क्या वो फ्रांस के किसी व्यापारी की पत्नी है या इटली के किसी प्रांत से आई है, क्या लियोनार्दो ने खुद को ही नारी रूप में चित्रित किया है, ऐसे कई-कई सवाल इस पेंटिंग से जुड़े हैं और किसी का भी सटीक जवाब नहीं मिला। 16वीं सदी से चले आ रहे सवाल 21वीं सदी में भी कायम हैं और अब 21वीं सदी में भारत में एक नयी मोनालिसा चर्चा में आ गई हैं, जिससे कुछ और नए सवाल खड़े हो गए हैं।

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में धर्म-आध्यात्म से ज्यादा चर्चा चिमटे वाले बाबा, जटाओं वाली सुंदरी साध्वी, आईआईटी बाबा और माला बेचने वाली लड़की मोनालिसा की हो रही है। कत्थई चमकीली आंखों वाली मोनालिसा अपने परिवार के साथ मेले में माला बेचने आई थी, ताकि कुछ अतिरिक्त कमाई हो सके। लेकिन संगम में डुबकी लगाकर इहलोक-परलोक साधने की तमन्ना लिए आए बहुत से श्रद्धालुओं का ध्यान धर्म पर कम और मोनालिसा की आंखों पर अधिक रहा। रही-सही कसर सोशल मीडिया पर अतिसक्रिय जमात ने पूरी कर दी। मोनालिसा के नाम से सोशल मीडिया पर फेक एकाउंट बन गए और उनकी मर्जी लिए बगैर रील पर रील प्रसारित होने लगीं। सोशल मीडिया के जरिए मोनालिसा फिलहाल वायरल हो गई हैं, वायरल यानी मियादी बुखार, जो थोड़े वक्त बाद उतर ही जाएगा। मोनालिसा को इंटरनेट संसेशन इन दिनों कहा जा रहा है। संसेशन यानी सनसनी भी कुछ देर के बाद शांत हो ही जाएगी। वक्त के पन्नों को थोड़ा सा पलटेंगे तो ऐसे कई सनसनी मचाने वाले वीडियो याद आ जाएंगे, कभी व्हाय दिस कोलावेरी डी लोगों की जुबान पर चढ़ता है, कभी ये हमारी कार है, ये हम हैं और ये हमारी पार्टी हो रही है, की धूम मचती है, कभी प्रिया प्रकाश वारियर का वीडियो वायरल होता है, तो कभी यशराज मुखाटे का रसोड़े में कौन था, हिट हो जाता है। लोग भेड़ों में तब्दील हो रहे हैं, क्योंकि जमाना सोशल मीडिया की चाल पर चलने लगा है। सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर यानी अपनी रील्स या वीडियो से समाज को प्रभावित करने वाले लोग, यूट्यूबर्स, या कलाकार अपनी मर्जी से वीडियो बनाएं, प्रसारित करें, समाज की आलोचना या प्रशंसा का पात्र बनें, यह उनका अधिकार है, लेकिन महाकुंभ में आई एक मासूम लड़की को जिस तरह सोशल मीडिया की गिरफ्त में इस समय जकड़ा गया है, वह वाकई चिंताजनक है। जानकारी के मुताबिक मोनालिसा का परिवार मध्यप्रदेश के महेश्वर इलाके का है और उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। वर्ना महाकुंभ में रहकर मालाएं बेचने के लिए पूरे परिवार को नहीं आना पड़ता। मोनालिसा शायद शिक्षित भी नहीं है और उसकी उम्र 16 बरस के आसपास बताई जा रही है, अगर यह सही है तो मोनालिसा नाबालिग है। ऐसे में उसके वीडियो बनाना और उन्हें वायरल करना कानूनन सही नहीं है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग या महिला आयोग को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर इस पर आपत्ति दर्ज करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसे किसी कदम की जानकारी सामने नहीं आई है। मोनालिसा के अब तक कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें बहुत से लोग उनसे बात करते हुए उसे रिकार्ड कर रहे हैं। कोई उनसे राजस्थान आने कह रहा है, कोई पूछ रहा है कि आप फिल्मों में काम करना चाहती हैं क्या, कोई उनसे अंग्रेजी आती है या नहीं, पढ़ी-लिखी हो या नहीं, ऐसे सवाल कर रहा है।

एक वीडियो में तो मोनालिसा एक ब्यूटी पार्लर में मेकअप कराती नजर आ रही हैं और उस पर भी लोग टिप्पणी कर रहे हैं। कोई कह रहा है कि सादगी में ही सुंदरता है, कोई बता रहा है कि मेकओवर अच्छा हुआ है। एक वीडियो मोनालिसा, उनके बड़े भाई और किसी पार्लर चलाने वाली महिला का है, जो बता रही हैं कि उनका असली इंस्टाग्राम अकाउंट कौन सा है और लोग नकली अकाउंट को फॉलो न करें।

इन तमाम वीडियो में मोनालिसा सहजता से बात करती और मुस्कुराती दिख रही हैं, यह बहुत स्वाभाविक भी है, क्योंकि चकाचौंध में निज अधिकारों की बात कई बार हाशिए पर चली जाती है। लेकिन एक वीडियो ऐसा भी सामने आया, जिसमें मोनालिसा के घर वालों को उन्हें शॉल से ढंक कर शिविर के भीतर भेजना पड़ा ताकि लोगों की नजरों और बातों से उन्हें बचा सकें। इस वीडियो में एक महिला मोनालिसा के पास आने की कोशिश करते लोगों को हटा रही है। बीच में खबर आई कि मोनालिसा को वापस उनके घर भेज दिया गया। हालांकि उनके दादा ने बताया कि अभी वो प्रयागराज में ही हैं। उनके दादा ने इस बात पर चिंता जाहिर की कि इस अप्रत्याशित शोहरत के कारण उनका व्यापार ठप्प हो रहा है। कई लोगों से उधार लेकर इस परिवार ने सामान खरीदा था, ताकि महाकुंभ में बेच कर मुनाफा कमा सकें। मगर मोनालिसा का वायरल होना उन्हें दूसरे तरीके से भारी पड़ रहा है।

मोनालिसा और उनका परिवार उनके जीवन में आए इस बदलाव को किस तरह से स्वीकारता है, संभालता है, महाकुंभ खत्म होने के साथ ही मोनालिसा की चर्चा भी क्या खत्म हो जाएगी, क्या कोई निमार्ता-निर्देशक मोनालिसा को फिल्मों में काम करने का प्रस्ताव देगा, क्या बिग बॉस निमार्ता अपने अगले संस्करण के लिए मोनालिसा के नाम पर विचार कर रहे हैं, ऐसे कई सवालों के जवाब वक्त देगा। लेकिन इनके बीच धर्म और आध्यात्म के झंडाबरदारों को विचार करना चाहिए कि क्या मोनालिसा जैसे प्रसंग महाकुंभ के महात्म्य को कम नहीं करते हैं। महाकुंभ के भव्य आयोजन के लिए करोड़ों-अरबों रूपयों का खर्च, वीआईपी सुविधा का ख्याल, विदेशी आंगतुकों को देखकर उपजा कौतुहल, नामी-गिरामी हस्तियों का महाकुंभ में आना, ऐसी खबरों को देखकर लगता है कि धर्म और आध्यात्म पर आखिर में सांसारिकता ही भारी पड़ रही है।

भगवान की भक्ति में रमने वालों को इस बात से क्यों फर्क पड़ना चाहिए कि कुंभ के लिए स्टीव जॉब्स की पत्नी अमेरिका से आई हैं या गौतम अडानी अपनी पत्नी के साथ भोजन परोस रहे हैं। भगवान के दरबार में तो सब एक समान होते हैं, लेकिन प्रयागराज में ऐसा होता नहीं दिख रहा। प्रयागराज में शोहरत की छीना-झपटी चल रही है। 144 बरसों बाद ग्रहों-नक्षत्रों के अनूठे संयोग में हो रहे महाकुंभ का महत्व भौतिक चकाचौंध में गुम हो रहा है।

# युद्धमुक्त विश्व के ट्रंप के संकल्पों की रोशनी

- ललित गर्ग-

**राष्ट्रपति** के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल पर लौटने से पहले ट्रंप ने ह्यतीसरा विश्व युद्धह्ल रोकने की कसम खाकर दुनिया में शांति, अमन एवं अयुद्ध की संभावनाओं को बल दिया है। 47वें राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने शपथ से एक दिन पहले गाजा में हुए युद्ध विराम का क्रेडिट भी लिया। रूस और यूक्रेन युद्ध भी खत्म करने की प्रतिबद्धता दोहरायी गयी है। बावजूद इनके विश्व युद्ध के कयास तेजी से लग रहे हैं। इसे लेकर भी कई सवाल उठते हैं कि क्या सच में तीसरा विश्व युद्ध होना इतना आसान है? लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, ह्यमैं यूक्रेन में युद्ध खत्म कर दूंगा। मैं मध्य पूर्व में अराजकता रोक दूंगा और मैं तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोक दूंगा।ह्ल निश्चित ही ट्रंप के इन संकल्पों से अमेरिका में एक नए युग का आगाज हो रहा है, जो दुनिया में भी एक नई युद्ध मुक्त समाज-संरचना के बड़े बदलावों की ओर इशारा कर रहा है। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ही ट्रंप कई संकेत ऐसे दे चुके हैं, जिनसे लगने लगा है कि दुनिया बदलने वाली है। ये बदलाव इस बात पर केंद्रित रहेंगे कि अमेरिका को फिर एक बार महान बनना है। यह ह्यमेक अमेरिका ग्रेट अगेनह्ल का नारा डोनाल्ड ट्रंप की एक नई पहचान बन गया है और बहुत संभावना है कि इस बार ट्रंप अपने सपने को साकार करने के लिए दुस्साहस का भी परिचय देते हुए युद्ध की मानसिकता वाले देशों की सोच में बदलाव का कारण बन जाये। विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा। जब राष्ट्रवाद चरम पर पहुंच जाता है तो युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है या फिर एक शक्तिशाली देश दूसरे देशों पर अपना अधिकार जमाना चाहता है, तो इससे युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। इसके अलावा देशों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी युद्ध का कारण बन सकती है। साथ ही धार्मिक मतभेद भी युद्ध का कारण बन सकते हैं और किसी देश में राजनीतिक अस्थिरता होने पर पड़ोसी देशों में



भी अशांति फैल सकती है और युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। युद्ध की इन व्यापक संभावनाओं पर ट्रंप के संकल्प से विराम लगना विश्व की समाज-व्यवस्था, आर्थिक विकास एवं सह-जीवन के लिये एक शुभ संकेत है। क्योंकि विश्व युद्ध के परिणाम बहुत ही विनाशकारी होते हैं। इसमें लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। युद्ध से देशों की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचता है। साथ ही युद्ध से समाज में अस्थिरता फैल जाती है, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी बढ़ जाती है और युद्ध के बाद देशों के राजनीतिक नक्शे में बदलाव आ सकता है।

अमेरिका दुनिया में अमन चाहता है और नये राष्ट्रपति ट्रंप ने यदि किसी भी देश के युद्ध में सेना नहीं भेजने का संकल्प लिया है तो इससे दुनिया में युद्ध की संभावनाओं पर विराम लगना तय है। क्योंकि अब तक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका ही दुनिया मे युद्ध की भूमि तैयार करता रहा है, अपनी सेना एवं सैन्य सामान भेज कर युद्ध की भूमि को उर्वरा बनाता रहा है। विश्व समुदाय कई संकटों का सामना कर रहा है- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच ट्रंप के नये संकल्प एवं योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आज युद्ध और तनाव की समस्या बढ़ती जा रही है। हथियारों का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है। हर देश परमाणुशक्ति संपन्न बनने के लिए प्रयासरत है। यह एक अजीबोगरीब स्थिति है। युद्ध की आशंका को खत्म करने के लिए हाथियारों का जखीरा बढ़ाया जा रहा है। पहले बीमारी पैदा की जा रही है, फिर उसके इलाज का उपाय ढूंढा जा रहा है। इसमें अब तक अमेरिका की ही सर्वाधिक भूमिका रही है, लेकिन अब उसके नये राष्ट्रपति की युद्धमुक्त विश्व संरचना की सोच से दुनिया में शांति एवं अमन कायम होगा। युद्ध से कभी किसी का भला नहीं होता। वह सदैव अपने पीछे दुख भरी यादें छोड़कर जाता है। युद्ध से किसी मां का बेटा उसे बिछड़ जाता है, किसी बहन का भाई उससे बिछड़ जाता है, कोई स्त्री अपने पति को खो देती है, कोई बेटी अपने पिता को खो देती है। इस तरह युद्ध केवल जान लेता है। इसके अलावा युद्ध से संपत्ति भी नष्ट होती है एवं विकास अवरूद्ध होता है। इसके विपरीत यदि सब जगह शांति हो, लोग आपस में नहीं लड़ें, देशों में आपस में युद्ध नहीं हो, तो विकास होता है।

ट्रंप ने अमेरिकी राजनीति के तेवर-कलेवर को तो बदला ही है और वह वहां लोकतंत्र को भी बदलने जा रहे हों, तो कोई आश्चर्य नहीं। उनकी टीम के अनेक दिग्गज परिवर्तन के आकांक्षी हैं। न जाने कितने परिवर्तन ट्रंप के शासन में लागू होंगे। उम्मीद करनी चाहिए कि ट्रंप की नई टीम अमेरिकी परंपराओं का यथासंभव निर्वाह करते हुए ही देश को फिर से महान बनाएगी। लेकिन इस बार अमेरिकी परम्पराओं में युद्ध एवं हिंसा के स्थान पर शांति, विकास एवं हथियार मुक्ति के संकल्प होना बड़ी एवं राहतभरी बात है। हालांकि, अमेरिका को महान बनाने के अभियान पर कई सवाल भी हैं। क्या अमेरिकी निर्णायकों ने मान लिया है कि अमेरिका अब महान नहीं रहा? इस अभियान के नाम से तो शायद यही लगता है कि अमेरिकी विचारकों ने अपने देश के महान न रह पाने की वजहों का पता भी लगा लिया है।

## रेहड़ी पटरी वालों को भी मिलेंगी नगर पालिका की दुकानें

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक गुरुवार को आयोजित हुई। जिसमें रेहड़ी पटरी वाले दुकानदारों को भी नगर पालिका की दुकान देने सहित छह प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई है।

नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें महाकुंभ मेला में आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाओं को और सही करने की बात रखी गई। विशेष रूप से भगवान कामदगिरि के परिक्रमा मार्ग सहित पूरे नगर क्षेत्र में साफ.सफाईए प्रकाशए अलाव व्यवस्थाए स्वागत शिविरए रैन बसेरा व महाकुंभ का अधिक से अधिक प्रचार.प्रसार कराने की बात कह गई। जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं में प्रभु श्रीराम की तपोभूमि के प्रति अच्छी छवि लगे। निर्माणाधीन नगर पालिका परिषद के कार्यालय के अवशेष कार्य को पं दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना तहत धनराशि की मांग शासन से करने की सहमति बनी। बैठक में सभासद शंकर यादव, विनय त्रिपाठी, विनीत पयासी, पवनबद्री, मोहम्मद रफीक, ओंकार यादव, राजकमल वर्मा, शुभम केशरवानी, कान्हा केशरवानी, अरुण त्रिपाठी, संदीप, राजेश पटेल, राजा साहू, शकुंतला गुप्ता, नीतू सिंह, वरिष्ठ लिपिक कमीत्तम सिंह, कर निरीक्षक राहुल पाण्डेय, जेई संतोष सिंह राठौर, दीपक पटेल, शिवकुमार गुप्ता, अंकित जायसवाल, गौरव श्रीवास्तव, बसंत यादव, लवकुश मौजूद रहे।

बैठक में इसी तरह जिला पंचायत के सामने स्थित नगर पालिका पटरी पर फुटपाथी दुकानदारों के लिए छोटी.छोटी 24 दुकानें पीएम स्वनिधि व पीएम विश्वकर्मी योजना के तहत निर्माण कराकर देने की बात उठाई गई। जिनकी लागत तीन से पांच लाख रुपये के बीच हो और उनको आसानी से आवंटित किया जा सके। ईओ लालजी ने कहा कि नगर में लगभग 750 फुटपाथी दुकानदारों को चिन्हित किया गया है। बस स्टैंड स्थित नगर पालिका की भूमि पर नवीन दुकानों का निर्माणए डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण पर भी बोर्ड की मुहर लगी है।

नपा अध्यक्ष ने बताया कि अब तक कार्यालय निर्माण में एक करोड़ 89 लाख खर्च हो चुके हैंए इसके बाद भी लगभग तीन करोड 85 लाख की जरूरत है। साथ ही नगर पालिका के सभी सभासदों के वार्डों में सदस्यों का सचित्र बोर्ड लगाए जाने का भी प्रस्ताव पारित हुआ है।

## जिला अस्पताल की खून जांच मशीन खराब, मरीज परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला अस्पताल में लगी की खून जांच की मशीन दो दिन से खराब है। इससे मरीजों की जांच नहीं हो पा रही है। मजबूरी में प्राइवेट पैथालॉजी में महंगी जांच करवानी पड़ रही है।

जिला अस्पताल की खून जांच की मशीन बुधवार को खराब हो गई है। यह गुरुवार को भी नहीं ठीक हो सकी है। इससे डॉक्टर को दिखाने के बाद मरीजों का पूरा इलाज नहीं हो सका और मरीज वापस हो गए। अब मरीजों को फिर अस्पताल के चक्कर लगाना पड़ेगा या प्राइवेट पैथालॉजी से खून की जांच करानी पड़ेगी।

विजय दीक्षितए रामकुमारए माया देवी ने बताया कि बुधवार को डॉक्टर की सलाह पर खून तो जांच के लिए दे दिया थाए लेकिन दो दिन बाद भी रिपोर्ट नहीं मिली है। मशीन खराब होने की बात कहकर लौटा दिया जाता है। वीरेंद्र कुमार ने बताया कि बुखार होने पर डाक्टर को दिखाया तो खून जांच के लिए कहा। खून जांच केंद्र पहुंचा तो वापस कर दिया। मजबूरी में बाहर से जांच कराकर इलाज कराना पड़ा। सीएमएस डॉण् शैलेंद्र कुमार ने बताया कि इंजीनियर को बुलाया गया है। दो दिन में मशीन ठीक हो जाएगी।



## अतर्रा को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची बदौसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सदर तहसील क्षेत्र के पुरवा तरौहा गांव में चल रहे मां कालिका देवी क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को तीसरा क्वार्टर फाइनल अतर्रा और बदौसा टीम के बीच खेला गया। बदौसा ने एक विकेट से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 40 रन बनाने वाले शुभम मैन ऑफ द मैच रहे। अतर्रा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निणर्य लिया। बल्लेबाज सचिन के 33 गेंदों पर 40ए आशु के चार गेंदों पर 14 और अंशुल के नौ बालों पर 17 रनों के योगदान से निर्धारित 16 ओवर में नौ विकेट खोकर 121 रन बनाए। बदौसा के गेंदबाज दद्दू प्रसाद और राजबहादुर ने तीन.तीन विकेट झटके। बदौसा की टीमने शुभम के 29 गेंदों पर 46 रनों की बदौलत 14 ओवर में ही मैच जीत लिया। अतर्रा के गेंदबाज शिवम ने 30 रन देकर चार विकेट चटकाए। कल्लू वर्माए राजबहादुरए राम अवस्थीए शिवम निषादए ओमशंकरए अभिषेक द्विवेदीए अंकुर त्रिवेदी भी रहे।

## बाल विवाह मुक्ति का अभियान चलाते ग्रामीण

### शिक्षा से खत्म होगी बाल विवाह की बुराई

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के सचिव शंकर दयाल ने कहा कि शिक्षा बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने का सबसे प्रभावी हथियार है। हालांकि सरकार ने 14 वर्ष तक मुफ्त शिक्षा का प्रावधान किया हैए परंतु आर्थिक व सामाजिक कारणों से गरीब परिवारों की बेटियां उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं व बाल विवाह का शिकार होती हैं। बाल विवाह न केवल लड़कियों की शिक्षा और स्वास्थ्य को प्रभावित करता हैए बल्कि उनके आत्मनिर्भर बनने के अवसर भी छीन लेता है।

आंकड़ों के अनुसारए महिला साक्षरता दर और बाल विवाह के बीच गहरा संबंध है। केरल और मिजोरम जैसे राज्यों में जहां साक्षरता दर 93ः से अधिक हैए वहां बाल विवाह का स्तर काफी कम है। वहींए बिहार और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में साक्षरता दर कम होने से बाल विवाह का प्रचलन अधिक है। बाल विवाह के उन्मूलन के लिए 18 वर्ष तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान किया जाना चाहिए। साथ हीए कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने होंगे। शिक्षा और जागरूकता से ही लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता हैए जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव व लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा।

## पेड़ से टकराई का, नौ श्रद्धालु घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र के सुदिनपुर और रौली कल्याणपुर के बीच में अनियंत्रित होकर एक कार पेड़ से टकरा गई। इससे एक ही परिवार के आठ लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

महोबा जिले के कबरई थाना क्षेत्र के सोरहा गांव निवासी सौरभ सिंह ने बताया कि पिता रमाकांत परिवार के शुभमए धर्मेंद्रए उदयए स्वातीए संध्याए धैर्याए राजेश्वरीए रुचि के साथ बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ गए थे। रात लगभग एक बजे लौटते समय चालक मोबाइल चला रहा था। इससे सुदिनपुर के पास कार बेकाबू होकर पेड़ से भिड़ गई। इससे सभी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को सीएचसी शिवरामपुर लेकर पहुंची। वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रमाकांत की हालत में सुधार न होने पर मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया गया। अन्य की हालत में सुधार है। कार चालक मौके से भाग गया है।



## गरहुणा, कोठिलिहाई की टीमें जीतीं

**अखंड भारत संदेश**

**शिवरामपुर।** सदर तहसील क्षेत्र के पुरवा तरौहा गांव में चल रहे मां कालिका देवी क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को सरैंया ने अगरहुणा और कोठिलिहाई ने शिवरामपुर को हराया। कोठिलाई सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष लवलेश निषाद ने दोनों टीमों के बीच टास कराया। पहले मैच में टास जीतकर अगरहुणा की टीम 177 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में सरैंया टीम 108 रन पर ही ढेर हो गई। दूसरे मैच में सपा नेता मान सिंह पटेल ने टास कराया। कोठिलिहाई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 146 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवरामपुर की टीम 100 रन ही बना सकी। तीन विकेट लेने और 25 रन बनाने वाले देवा व चार विकेट लेने और 10 रन बनाने वाले आकाश मैन ऑफ द मैच रहे। सपा पूर्व नगर अध्यक्ष समीर विश्वकर्माए सुनील सिंहए अजय यादवए ललित त्रिपाठीए शरीफ खानए गौरव मिश्र भी रहे।

## मौनी अमावस्या व महाकुंभ मेले की तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बैठक, सफाई, सुरक्षा व प्रबंधन पर जोर

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** चित्रकूट धाम मंडल बांदा में मौनी अमावस्या व महाकुंभ मेले के मद्देनजर महत्वपूर्ण बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में गत कार्य वृतियों की समीक्षा की गई व मेले के आयोजन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। आयुक्त ने निर्देश दिया कि मेले में सफाईए बिजलीए पानी व पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अधिशासी अधिकारी कर्वी ने बताया कि मेले को पांच जोन में विभाजित कर सफाई व प्रबंधन की योजना बनाई है। खोया.पाया केंद्रए चेंजिंग रूमए मोबाइल टॉयलेटए व अलाव की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया गया है। मंडलायुक्त ने परिक्रमा मार्ग पर रैंप और फिसलन रोकने की व्यवस्था करने को कहा। मेडिकल सुविधा के तहत सात केंद्रों पर दवाइयों की उपलब्धता की जाएगी। बैरिकेडिंगए प्रशिक्षित गोताखोरए व फायर ब्रिगेड की तैनाती पर भी ध्यान दिया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक ने मेले में भीड़ नियंत्रणए डायवर्जनए व सुरक्षा के प्रबंध करने के निर्देश दिए। बताया कि पार्किंग स्थलों पर रेट बोर्ड व ट्रैफिक पुलिस की सतर्कता से भीड़ प्रबंधन किया जाएगा। साथ ही सीसीटीवी कैमरेए यूपी 112 की तैनातीए व रेलवे स्टेशनों पर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। डीएम ने सभी निर्देशों के अनुपालन का आश्वासन देते हुए मौजूद अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंहए डीएम शिवशरणप्पा जी0एन0ए एसपी अरुण कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेए जिन्होंने मेले को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए अपने सहयोग का वादा किया।

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के क्रम में थाना मऊ पुलिस टीम ने एक दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ यामीन अहमद के पर्यवेक्षण में कार्रवाई की गई।

थाना मऊ के अंतर्गत ग्राम निवासी वादिया ने थाना मऊ में 11 जनवरी को सूचना दी थी कि उसके पति की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थीए व उसी गांव के बबलू गुप्ता ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बादए आरोपी ने शिकायत करने पर गाली.गलौज की व जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस टीम ने लगातार छापेमारी व जांच के बाद शुक्रवार को वांछित आरोपी दिनेश उर्फ कुच्ची को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में दारोगा ओमप्रकाश सिंहए सिपाही शुभम त्रिपाठी व सिपाही प्रवीण पांडेय शामिल थे।

## बेडी पुलिया से मंदाकिनी पुल तक जगमगाया एनएच मार्ग

### पालिका अध्यक्ष व सहकारी बैंक के चेयरमैन ने स्ट्रीट लाइटों का किया शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता व डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने महाकुंभ को देखते हुए लगभग 70 लाख की लागत से मंदाकिनी पुल से बेडी पुलिया तक प्रकाश व्यवस्था के लिए 120 स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ जानकीपुरी वार्ड 17 से किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि इसके पहले भी लगभग 57 लाख रुपये की लागत से 100 स्ट्रीट लाइट लगाई जा चुकी हैं। सड़क पर लाइटें लगने से श्रद्धालुओं को आने जाने में परेशानी नहीं होगी।

## डीएम की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति की अहम बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में पिछली कार्यप्रगति की समीक्षा की गई व स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निर्देश जारी किए। डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के गोल्डन कार्ड डेटा की जांच की व निर्देश दिया कि वृद्धाश्रमए रामघाट व परिक्रमा मार्ग के बुजुर्गों के गोल्डन कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनाएं। सिजेरियन व अन्य प्रसव सेवाओं में सुधार के लिए जिला अस्पतालए सीएचसीए व पीएचसी में सिजेरियन प्रसव को अनिवार्य बनाने और अनावश्यक रेफर से बचने पर जोर दिया।

जन चैपालों में स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता अभियान चलाने का आदेश दिया। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच व अल्ट्रासाउंड डेटा पर भी जोर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता व लॉजिस्टिक्स में सुधार के निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर जरूरी सुविधाएं अगले महीने तक पूरी होनी चाहिए। सैम व मैम बच्चों की नियमित पहचान कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कराने व बाल विकास परियोजना अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की बात कही। बैठक में एनसीपीएस की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए मैटरनिटी कंसलटेंट को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्डए नेशनल एंबुलेंसए और ई.संजीवनी पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अगली बैठक में सभी विभाग अपने कार्य डेटा के साथ उपस्थित हों। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौरए सीएमओ डॉण् भूपेश द्विवेदीए और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

### मैटरनिटी कंसलटेंट को कारण बताओ नोटिस जारी

### आशाओं की निष्क्रियता पर कड़ा रुख

बैठक में तथ्य सामने आया कि 40 से अधिक आशा कार्यकर्ता लाभार्थियों को सरकारी अस्पतालों की बजाय निजी अस्पतालों में भेजती हैं। जिलाधिकारी ने ऐसे आशा कार्यकर्ताओं की सूची तैयार कर उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए।

## 12 सालों से फरार आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

मानिकपुर, चित्रकूट। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी के निर्देश में टॉप.10 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान में सीओ मऊ यामीन अहमद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मानिकपुर दुर्गविजय सिंह टीम ने 12 सालों से फरार आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष मानिकपुर की टीम ने मुखबिर की सूचना पर 12 सालों से फरार आरोपी सुभाष उर्फ सुभाषचन्द्र पुत्र लालजी गुप्ता निवासी आर्य नगर मानिकपुर चित्रकूट को झरी फाटक रेलवे लाइन मानिकपुर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मानिकपुर दुर्ग विजय सिंहए एस आई रामेश्वर प्रसादए सिपाही प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियों के सशक्तीकरण को विशेष कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित बेटी बचाओए बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शिवरामपुर व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ;डायटद्ध शिवरामपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

डीएम शिवशरणप्पा जीएन व जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा के निर्देश में आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य बालिकाओं को स्वावलंबीए सशक्त व अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना था। बालिकाओं के स्वास्थ्यए सशक्तीकरण व समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा के साथ आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेताओं को डायट प्राचार्य डॉ आदर्श त्रिपाठी ने मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं व डायट की बीटीसी प्रशिक्षु बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष अतिथियों में डायट प्राचार्य डॉ आदर्श त्रिपाठीए प्रवक्ता अखिलेश पांडेयए राजेश उपाध्यायए बाल कल्याण अध्यक्ष राकेश माथुरए कस्तूरबा गांधी विद्यालय की प्राचार्य कविता मिश्राए स्पोर्ट्स टीचर अर्चना यादवए और बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह मौजूद रहे। वन स्टॉप सेंटर प्रभारी रंजीता पांडेय व जिला समन्वयक नीलू गोस ने बेटियों को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा व सशक्तीकरण का संदेश दिया।

## डीएम ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएं, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** डीएम शिवशरणप्पा जी0एन0 ने कलेक्ट्रेट में आयोजित संतुष्टि समाधान दिवस में आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने लोगों से बातचीत की व समस्याओं को समझा। संबंधित अधिकारियों को फोन करके इन समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से जमीन से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान देते हुए कहा कि पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर इन मामलों का निपटारा करें। अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रपति ट्रंप ने फाइलें सार्वजनिक करने का दिया आदेश

# जॉन एफ कैनेडी और मार्टिन लूथर किंग की हत्या का खुलेगा राज

**वाशिंगटन। अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी, सीनेटर रॉबर्ट एफ कैनेडी और रेवरेंड डॉक्टर मार्टिन लूथर किंग जूनियर की हत्याओं से संबंधित फाइलों को सार्वजनिक करने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी लोगों को 'सच जानने का हक है।' डिटेल्ड डाक्यूमेंट शेयर करते हुए व्हाइट हाउस ने कहा, "छह दशकों की गोपनीयता के बाद अमेरिकियों को सच्चाई से रूबरू कराना है।"

बयान में कहा गया, "कार्यकारी आदेश यह नीति स्थापित करता है कि इन हत्याओं के 50 से अधिक वर्षों के बाद, पीड़ितों के परिवार और अमेरिकी लोग सच्चाई के हकदार हैं।"

कार्यकारी आदेश शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों को 15 दिनों के अंदर डॉक्यूमेंट को सार्वजनिक करने की योजना प्रस्तुत करने का निर्देश देता है।



राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की 1963 में डलास में हत्या कर दी गई थी। उनके भाई रॉबर्ट एफ कैनेडी की कैलिफोर्निया में 1968 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ते समय हत्या कर दी गई थी। इसके मात्र दो महीने बाद अमेरिका के सबसे प्रसिद्ध नागरिक अधिकार नेता मार्टिन लूथर किंग जूनियर की मेम्फिस, टेनेसी में हत्या कर दी गई थी।

आदेश में, राष्ट्रीय खुफिया निदेशक और अन्य उपयुक्त अधिकारियों को जॉन एफ कैनेडी की हत्या के सभी रिकॉर्डों को पूरी तरह से जारी करने और 15 दिनों के अंदर एक योजना प्रस्तुत करने को कहा गया है।

इसके तुरंत बाद रॉबर्ट एफ कैनेडी और मार्टिन लूथर किंग जूनियर की हत्याओं से संबंधित रिकॉर्डों की समीक्षा कर 45 दिनों के अंदर पूरी तरह से जारी करने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि ट्रंप के पहले कार्यकाल में, उन्होंने एजेंसियों को जॉन एफ कैनेडी की हत्या के बारे में अधिक जानकारी का खुलासा करने की दिशा में आगे बढ़ने का आदेश दिया था। सीआईए, पेंटागन और विदेश विभाग के पास अभी भी ऐसे दस्तावेज हैं जिन्हें उन्होंने जारी करने से इनकार कर दिया है। उन दस्तावेजों को गोपनीय रखने का औचित्य सुरक्षा के लिहाज से जरूरी बताया गया। जब ट्रंप राष्ट्रपति थे, तो उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अनुरोध पर कैनेडी की हत्या से जुड़े सभी रिकॉर्ड जारी न करने पर सहमति जताई थी लेकिन 2024 के चुनाव अभियान में ट्रंप ने कहा कि वे शेष दस्तावेज जारी करेंगे।

# पुतिन से मिलना बहुत जरूरी हो गया है...हर दिन मर रहे सैनिक, रूस-यूक्रेन युद्ध पर एक्शन मोड में आए ट्रंप

**रूस**

**ओवल** ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे लगता है कि उन्हें (पुतिन को) समझौता करना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि रूस पर प्रतिबंध पुतिन को बातचीत करने के लिए मजबूर करेंगे, तो उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता। उन्होंने कहा कि रूस को एक समझौता करना चाहिए। हो सकता है कि वेसमझौता करना चाहते हों। मुझे लगता है, मैंने जो सुना है, उसके अनुसार पुतिन मुझसे मिलना चाहेंगे। और हम जल्द से जल्द मिलेंगे। मैं तुरंत मिलूंगा। युद्ध के मैदान में सैनिक मारे जा रहे हैं।

ट्रंप ने राष्ट्रपति बनते ही ऐसे आदेश जारी किए हैं जिससे पूरी दुनिया में हड़कंप मचा है। पूरी दुनिया में इन आदेशों का जिक्र हो रहा है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल कि जो भी एक्सीक्यूटिव ऑर्डर राष्ट्रपति की तरफ से जारी किए गए उसमें रूस का जिक्र क्यों नहीं था। रूस और यूक्रेन ने सबसे ज्यादा अमेरिका का सिर दर्द बढ़ाया। अमेरिका बार बार इस युद्ध को रोकने की बात करता रहा। ट्रंप खुद ये कहते आए हैं कि यूक्रेन और रूस के बीच की जंग रुकनी चाहिए। लेकिन आखिर रूस के खिलाफ या रूस और यूक्रेन के बीच की जंग को लेकर इस एक्सीक्यूटिव ऑर्डर में कुछ क्यों नहीं नजर आया? ये सबसे बड़ा सवाल है। इन सवालों के बीच जब मीडियाकर्मियों ने ट्रंप से ये सवाल पूछा और रूस यूक्रेन की स्थिति को लेकर जवाब मांगा तो ट्रंप ने कहा कि अगर रूस और यूक्रेन के बीच जंग नहीं रुकता है और युद्ध रोकने के लिए पुतिन टेबल पर आकर बात करने के लिए तैयार नहीं होते हैं ।



# द. कोरिया की भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने राष्ट्रपति के खिलाफ विद्रोह के आरोप लगाने की सिफारिश की



**सोल। दक्षिण** कोरिया की भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि उसने गिरफ्तार राष्ट्रपति यून सुक-योल के खिलाफ विद्रोह के मामले को अभियोजन पक्ष को सौंपने का फैसला किया है। दक्षिण कोरिया के कई मीडिया आउटलेट्स ने यह जानकारी दी है।

उच्च पदस्थ अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) ने मामले को सोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट प्रॉसिक्यूटर्स ऑफिस को सौंपने का फैसला किया, जिसमें श्री योल के खिलाफ अभियोग लगाने की मांग की गई क्योंकि सीआईओ को राष्ट्रपति पर अभियोग लगाने का कोई अधिकार नहीं है। योल को 15 जनवरी को राष्ट्रपति कार्यालय में गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद वह गिरफ्तार होने वाले देश के पहले राष्ट्रपति बन गए। गिरफ्तारी अवधि सहित योल की हिरासत को 20 दिनों तक बढ़ाने के लिए सोल की एक अदालत ने 19 जनवरी को वारंट जारी किया था। सीआईओ और अभियोजन पक्ष ने महाभियोग लगाए गए राष्ट्रपति योल से 10 दिनों तक पूछताछ करने के बाद विद्रोह आरोप की संयुक्त रूप से जांच करने पर सहमति जताई।

अभियोजन पक्ष से व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही है कि वह 05 फरवरी के आसपास योल पर विद्रोह और अन्य आरोपों के लिए अभियोग लगाएगा। इससे पहले योल ने पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए सीआईओ के बार-बार आह्वान को अस्वीकार कर दिया। योल के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पिछले साल 14 दिसंबर को नेशनल असेंबली में पारित किया गया था ।

# चीन के साथ अच्छे व्यापारिक संबंध चाहते हैं डोनाल्ड ट्रंप, 'समान अवसर' पर दिया जोर

**वाशिंगटन। अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के साथ "बहुत अच्छे संबंध" बनाने की उम्मीद करते हैं। दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) को वर्चुअली संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, "उन्होंने (शी जिनपिंग) मुझे फोन किया। लेकिन मैं इसे बहुत अच्छा मानता हूं। मुझे लगता है कि हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध होने जा रहे हैं।" उन्होंने कहा कि अमेरिका पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन की नीतियों के कारण व्यापारिक घाटे की मार झेल रहा है।

उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ टेलीफोन पर हुई अपनी बातचीत के बारे में कहा, "मुझे लगता है कि हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध होने जा रहे हैं। हम बस निष्पक्षता चाहते हैं। हम लाभ उठाने की ताक में नहीं हैं, हम बस एक समान अवसर चाहते हैं।"

संबंधों को "अनुचित" बताते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका लाभ नहीं उठाना चाहता, बल्कि निष्पक्षता चाहता है।

उन्होंने व्यापार घाटे को "हाथ से निकल जाने" के लिए बाइडेन प्रशासन की भी आलोचना की।


ट्रंप ने कहा, "चीन के साथ जो हमारे व्यापारिक संबंध रहे उससे हम काफी घाटे में रहे। बाइडेन ने इसे हाथ से निकल जाने दिया...यह सिर्फ एक अनुचित संबंध है, जिसे अमेरिका और चीन को मिलकर संवारना होगा। हमें इसे असाधारण नहीं बनाना है, हमें इसे एक निष्पक्ष संबंध बनाना है।"

ट्रंप ने चीन के साथ अमेरिका के वर्तमान रिश्ते को लेकर कहा, "अभी यह एक निष्पक्ष संबंध नहीं है। घाटा बहुत बड़ा है, जैसा कि बहुत से अन्य एशियाई देशों के साथ भी है। हम घाटे में हैं और हम ऐसा ही चलने नहीं दे सकते।"



इन व्यापारिक मुद्दों के बावजूद, ट्रंप ने राष्ट्रपति शी की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी माना कि कोविड-19 के दौरान दोनों के रिश्तों में तल्खी आ गई थी। राष्ट्रपति ट्रंप बोले, "वुहान से कोविड-19 के आने के बाद अमेरिका और चीन के संबंध बहुत तनावपूर्ण थे, लेकिन इससे अलग हमारे बीच हमेशा बढ़िया संबंध रहे हैं। हम चीन के साथ बहुत अच्छे संबंध रखने के अलावा साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करते हैं।" ट्रंप ने कहा, "मैं हमेशा से उन्हें पसंद करता रहा हूं। हमारे बीच हमेशा बहुत अच्छे संबंध रहे हैं।" आगे बोले, "वुहान से कोविड के आने के कारण स्थिति बहुत तनावपूर्ण थी, लेकिन हमारे बीच हमेशा बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। हम चीन के साथ बहुत अच्छा करने और चीन के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करते हैं। उम्मीद है कि चीन हमें, विशेष रूप से रूस-यूक्रेन के साथ युद्ध को रोकने में मदद कर सकता है।

# गैबॉन में 12 अप्रैल को होंगे राष्ट्रपति चुनाव, सेराफिन अकुरे-डेविन ने की घोषणा



**लिब्रेविल। गैबॉन** के ऊर्जा मंत्री और सरकार के प्रवक्ता सेराफिन अकुरे-डेविन ने घोषणा की है कि मध्य अफ्रीकी देश में 12 अप्रैल को राष्ट्रपति चुनाव होंगे।

उन्होंने राष्ट्रपति ब्राइस क्लॉटेयर ओलिगुई न्गुएमा की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की अंतिम विज्ञप्ति पढ़ते हुए कहा कि घोषित तिथि के लिए निर्वाचन मंडल की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें नियमों के अनुसार मतदान लागू होगा।

अभी तक, किसी ने भी आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी की घोषणा नहीं की है।

30 अगस्त 2023 को गैबॉन ने घोषणा की कि 26 अगस्त को हुए राष्ट्रपति चुनाव में अली बोंगो को फिर से चुना गया है। इसके तुरंत बाद सेना के सदस्यों ने उनके द्वारा स्थापित संस्थानों के संक्रमण और बहाली समिति (सीटीआरआई) की ओर से चुनाव परिणामों को रद्द करने की घोषणा की, यह दावा करते हुए कि उन्होंने सत्ता पर कब्जा कर लिया है और राज्य संस्थानों को भंग कर दिया है।

गैबॉन रिपब्लिकन गार्ड के कमांडर-इन-चीफ, न्गुएमा को बाद में सीटीआरआई का प्रमुख और गैबॉन का संक्रमणकालीन राष्ट्रपति नियुक्त किया गया।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि उसी साल नवंबर में सीटीआरआई ने 2024 के अंत तक नए संविधान पर जनमत संग्रह कराने और अगस्त 2025 में आम चुनाव आयोजित करने की योजना की घोषणा की।

# दुनिया का सबसे ताकतवर हथियार है शिक्षा

**वाशिंगटन।**

हर साल पूरी दुनिया में 24 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाता है। इस विशेष दिन के मौके पर दुनिया भर में कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही हमारे देश की सरकार बेटियों की पढ़ाई के लिए कई तरह की स्कीम चला रही है। अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हर साल पूरी दुनिया में 24 जनवरी को मनाया जाता है। इस विशेष दिन के मौके पर दुनिया भर में कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही हमारे देश की सरकार बेटियों की पढ़ाई के लिए कई तरह की स्कीम चला रही है। शिक्षा किसी के जीवन को बेहतर बनाने का एक हथियार है। संभवतः यह किसी के जीवन को बदलने का एक महत्वपूर्ण साधन है।

शिक्षा किसी व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता निर्धारित करती है। यह ज्ञान और कौशल को बेहतर बनाने में मदद करती है और व्यक्तित्व और दृष्टिकोण को विकसित करती है।

# शी चिनफिंग वसंत त्योहार से पहले उत्तर पूर्वी चीन के बाढ़ ग्रस्त लोगों से मिले

**बीजिंग। चीनी** राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 22 जनवरी को शीत लहर के बीच उत्तर पूर्वी चीन के ल्याओनिंग प्रांत के हुलुताओ शहर के चुच्याको नामक गांव जाकर पिछले साल बाढ़ ग्रस्त लोगों को देखा और उनका अभिवादन किया।

ध्यान रहे चीन का सबसे बड़ा त्योहार वसंत त्योहार इस साल के 29 जनवरी को होगा।

शी ने बाढ़ आपदा के बाद पुनर्निर्माण की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों के नए मकानों में जाकर मकानों की गुणवत्ता और रोजमर्रा के जीवन की गारंटी स्थिति की जानकारी ली। पिछले अगस्त में मूसलाधार वर्षा से हुलुताओ शहर को बड़ा नुकसान पहुंचा। चुच्याको सबसे गंभीर रूप से प्रभावित गांवों में से एक है। गांव की 1100 मु (1मु 0.0667 हेक्टेयर के बराबर है) खेती योग्य भूमि पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुई और 51 किसानों के मकान नष्ट हुए। पुनर्निर्माण परियोजना 9 सितंबर 2024 को शुरू हुई और 20 अक्टूबर को पूरी हो गई।



**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
**ऑफिस मो.:**
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# तुर्की के स्की रिजॉर्ट में आग की घटना में मरने वालों की संख्या 78 हुई

**अंकारा। तुर्की** के उत्तर-पश्चिमी बोलू प्रांत स्थित कार्तलकाया स्की रिजॉर्ट में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। देश के न्याय मंत्री यिलमाज तुनक ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। इस घटना के सिलसिले में 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

तुनक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है, उनमें उप महापौर, अग्निशमन प्रमुख और होटल के मालिक तथा प्रबंधक शामिल हैं। मामले की जांच जारी है।

बारह मंजिला इस होटल में मंगलवार सुबह आग लग गई थी। चौथी मंजिल पर स्थित एक रेस्टोरेंट में यह आग लगी थी जो धीरे-धीरे ऊपरी मंजिलों तक फैल गई।

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने बुधवार को राष्ट्रीय शोक दिवस की घोषणा की।



कैबिनेट बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में एर्दोगन ने कहा, "इस घटना के पीछे जो भी दोषी हैं, जिनकी लापरवाही पाई जाएगी, उन्हें कानून के सामने जवाबदेह ठहराया जाएगा।"

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने बताया कि 17 घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है तथा अन्य घायलों का उपचार जारी है, जिनमें से एक को गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में रखा गया है।

होटल में 238 मेहमानों के ठहरने की व्यवस्था थी।

कार्तलकाया इस्तांबुल से लगभग 300 किलोमीटर पूर्व में कोरोग्लू पहाड़ों में एक लोकप्रिय स्की रिजॉर्ट है।

बोलू उत्तरी तुर्की का एक शहर और बोलू प्रांत तथा बोलू जिले का प्रशासनिक केंद्र है, जो इस्तांबुल और अंकारा के बीच राजमार्ग पर स्थित है।

बोलू शहर के केंद्र से 38 किलोमीटर दूर कोरोग्लू पहाड़ों की चोटी पर स्थित, स्की और माउंटेन होटल 60,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है।

यह तुर्की के प्रमुख शीतकालीन पर्यटन स्थलों में से एक है, जहां स्की सीजन के दौरान हजारों आगंतुक आते हैं।

# बांग्लादेश में क्या शेख हसीना और खालिदा जिया को किनारे कर होंगे चुनाव

**2007 में** बांग्लादेश सेना ने जब शासन में दखल दिया, तो शेख हसीना और खालिदा जिया को कैद में डाल दिया गया. सेना ने देश के राजनीतिक तंत्र को दोबारा स्थापित करने की उम्मीद की थी. क्या बांग्लादेश फिर उसी नीति पर चलने जा रहा है?

बीती गर्मियों में शेख हसीना की विदाई ने बांग्लादेश में एक नये दौर की शुरूआत की है. ऐसा लग रहा है कि शेख हसीना और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की दशकों चली प्रतिद्वंद्विता के पन्ने फिर से पलटे जा रहे हैं.

77 साल की हसीना फिलहाल स्वनिर्वासित होकर भारत में रह रही हैं. उधर 79 साल की जिया इलाज के लिए ब्रिटेन की यात्रा पर हैं. बांग्लादेश में कयास लग रहे हैं कि उस विवादित सिद्धांत को क्या फिर से जिंदा किया जाएगा, जिसका मकसद कभी इन दोनों नेताओं को किनारे करना था.

2007 में सेना ने बांग्लादेश की राजनीति में दखल दे कर एक कार्यवाहक सरकार बनाया जिसे "1/11 चेंजओवर" के नाम से जाना गया. नये शासन पर कथित "माइनस टू" फॉर्मूला अपनाने का आरोप लगा जिसमें दोनों प्रतिद्वंद्वियों की गिरफ्तारी के बाद पता चला कि टू का मतलब हसीना और जिया था.

दोनों को 2008 के चुनाव से पहले रिहा कर दिया गया, हालांकि हसीना ने फिर सत्ता हासिल कर ली और 2024 के छात्र आंदोलन तक देश पर राज करती रहीं.




**बांग्लादेश ने भारत से कहा शेख हसीना को वापस भेजे**

**यूनुस चुनाव से पहले सुधार चाहते हैं**

एक बार फिर अंतरिम सरकार देश को चला रही है. नोबेल विजेता मुहम्मद यूनुस मुख्य सलाहकार की भूमिका में हैं. यूनुस और उनकी कैबिनेट संविधान और चुनावी तंत्र में सुधारों की उम्मीद कर रही है. यूनुस के मुताबिक सुधारों के बाद ही आम चुनाव होंगे.

जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेताओं के लिए मौजूदा गतिरोध भले ही असहज हो लेकिन जाना पहचाना है. बीएनपी के महासचिव फखरुल इस्लाम आलमगीर ने अगस्त में हसीना की विदाई के तुरंत बाद कहा, "हमें वो लोग याद हैं जिन्होंने 1/11 सरकार के दौरान हमें राजनीति से बाहर करने और हमारी पार्टी को खत्म करने की कोशिश की थी."

आलमगीर ने यह भी कहा, "हमारे लोकतंत्र और देश की भलाई के लिए हमें ये मुद्दे याद रखने चाहिए."

**चुनाव स्थगित रहने से परेशान बीएनपी**

जिया की गिरती सेहत पार्टी की असुरक्षा का अकेला कारण नहीं है. उनके बेटे और पार्टी में नंबर दो की हैसियत रखने वाले तारिक रहमान दशक भर से ज्यादा समय से ब्रिटेन में हैं. बांग्लादेश में उनके खिलाफ कुछ कानूनी मामले चल रहे हैं.

इस बीच आंदोलन के नेता एक नया राजनीतिक दल बनाने की तैयारी कर रहे हैं और इस बात के पर्याप्त संकेत हैं कि हसीना की अवामी लीग शायद भविष्य की राजनीति में किनारे कर दी जाएगी. बीएनपी को डर है कि अगर चुनाव जल्दी ना हुए तो उसका भी यही हश्र होगा.

बीएनपी के संयुक्त महासचिव सैयद इमरान सालेह ने अंतरिम सरकार पर समय बर्बाद करने और "मामूली बातों" पर ज्यादा ध्यान दे कर चुनाव में देरी का आरोप लगाया है.

सालेह ने डीडब्ल्यू से कहा, "चुनाव में देरी करने की कोशिश की जा रही है. आंदोलन गैरमुद्दों को मुद्दा बनाकर जटिलता और अव्यवस्था पैदा करना चाहता है."

उधर यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने "माइनस टू" फॉर्मूला को "बेतुका" बता कर उससे जुड़ी चिंताओं को खारिज किया है. उनका दावा है कि बांग्लादेश का चुनावी तंत्र "टूट गया है और उसे मरम्मत की जरूरत है." आलम ने डीडब्ल्यू से कहा, "बहुत सी संस्थाएं देश को शेख हसीना जैसी फासीवादी ताकतों से बचाने और लोगों को मताधिकार की रक्षा करने में नाकाम रहीं. इसलिए दूसरी चीजों के साथ ही संविधान, चुनाव और पुलिस में सुधार करना जरूरी है।